"Free Prisoner" is a collection of poems and thoughts in English, Hindi and Gujarati, dedicated to Pujya Gurudev Kanjiswami on his 125th birth anniversary. I would love to hear from readers; please post your comments on my blog at your free will:

freeprisoner.org

FREE PRISONER

USHA MARU

# मुक्त गुलाम

# FREE PRISONER



"Free Prisoner" is a collection of poems and thoughts in English, Hindi and Gujarati, dedicated to Pujya Gurudev Kanjiswami on his 125th birth anniversary. I would love to hear from readers; please post your comments on my blog at your free will:

freeprisoner.org

FREE PRISONER

USHA MARU

# मुक्त गुलाम

# FREE PRISONER



## Free Prisoner (मुक्त गुलाम)

Free eternal spirit in this body prison

I am the prisoner (दास) of Gurudev who showed me
my eternal, blissful freedom

**FREE PRISONER**

First Edition : 2014

Published by : **Hansraj C. Maru**
Sheela. Duncan, Anand, Umed
Vivek, Tania, Luka
Chintan

Printed by : **Jayant Printery**
Girgaon Road, Thakurdwar,
352/54, Murlidhar Mandir Compound,
Mumbai - 400 002. (India)
Tel. : +022 4366 7171
Email : jayantprintery@gmail.com

♲ 100% recycled paper

No Copyright, 2014

# Dedicated to
# Pujya Gurudev Kanjiswami

I have never met Pujya Gurudev in person, but listening to him, meditating on his words, I feel that I have always been with him. This feeling is inexpressible for me. I read about Gurudev from many scholars and fans, but my innermost feelings came pouring out when I read his lectures on Paramaagams.

Gurudev is my Guru, my Dev, my inspiration, and my life. Gurudev has shown me the truth of my soul in a miraculously simple way. I have been a student of science all my life. As a scientist one understands the pure and applied science of matter and its practical fruits. Gurudev has taught the purest science of soul within me, the applied science of matter around me, and the eternal fruit of experiencing the soul by separating both (भेदज्ञान). He has explained these concepts with depth and clarity; I am forever indebted to him.

Gurudev has explained the true meaning of the knower (ज्ञायक), the knowledge (ज्ञान), and the knowing (जानना). I the knower am full of knowledge, and knowing occurs within me. I am not what I know, who I know, or what is good and bad in what I know. The right and wrong changes constantly with many perspectives. I, the knower, am constant, eternal, and blissful.

This collection of poems is dedicated to Pujya Gurudev on his 125th birth anniversary. He preached at a pivotal time in India's history. India was in turmoil to achieve liberation from the British Raj of 300 years. The country's leaders were trying to convince Indians to unite against the British for our own free country. At the same time, Pujya Gurudev was inspiring people to ask who they really are. You are not Indians but humans. You are not just this body but have a soul. All of your feelings of injustice, unity, betrayal, and pride are temporary. Pure blissful feelings are true and eternal.

Gandhi used one Jain concept, ahimsa, and succeeded in rallying Indians for peaceful liberation of the country. However, ahimsa was only a small part of Mahaveer's message. Pujya Gurudev was able to give us the complete message which is incomprehensible to most. In the din of our country's struggle for independence, Pujya Gurudev's call resonated clearly: you are an everlasting liberated soul.

I bow, salute, and respect Pujya Gurudev. Do not conclude that I am the poet and these are my poems. These are my thoughts, which came freely pouring out when my mind was inspired by Pujya Gurudev's lectures. In this collection, what is good and right belongs to Gurudev, and what is not, is mine.

# Contents


Dedication 03
Contents 05
**Gulam गुलाम ગુલામ**
First Black President 09
I Am Running 10
Mahaveer Jayanti 2013 12
My Son 14
Share Our Thoughts: A Eulogy 16
Sheela 18
Today 20
इच्छायें 21
इन्सान हूं या भगवान 22
उपकार सदा 24
एक बार मान तो 26
कर्मों का खेल 28
कलाकारी 30
गांधीजी के तीन बंदर 32
चंदनबाला 34
चारित्र 36
जीव कहे क्या करना है 37
ज्ञाता – दृष्टा 39
दाने दाने पर लिखा है 41
दिवाली 42
पड़ोसी 44
पुरुषार्थ 46
प्रभु तुझ संग 48
प्रभु भजन 49
प्रभु श्रद्धा हो मेरी 51
भावों का खेल 52
मर्यादा 54
माँ और बेटा 56
माँ 58
मेघधनुष 60
मैं यही अपराध 62
वेदन 63
सजी भी तो मैं ही हूं 65
समय 67
सुपर बॉल 70
हमारी कमजोरियां 71
ઉમેદ છે 73
કર્તા 75
ગુરૂકૃપા 78
ઘડીયાલ 80
જીનવાણીનો રાગી 81
પર્યુષણ પર્વ 83
પ્રતિક્રમણ આવશ્યક 85
પ્રભુ તુજમય થાજે 87
ભેદ વિજ્ઞાન 89

સંયોગ છે 91
હે પ્રભુ 93
**Mukt मुक्त મુક્ત**
100 97
Beliefs 98
Born in a Jain Family 99
I Am 100
The Knower 101
When I Get Dirty 102
न जिंदगी है न मौत 103
जैन धर्म एक अचरज 104
आतम भावना भावता 106
आनंद ही आनंद हूं 107
खुद से खुद पद 108
गंडू राजा 110
घर से बुलावा आया है 112
छुपनेवाले 113
जिनवाणी माँ 115
जीव 117
ज्ञायक 119
दिल एक मंदिर है 121
पूज्य श्री गुरुदेव का दिया पहला रत्न 122
पूज्य श्री गुरुदेव का दिया दूजा रत्न 124
पूज्य श्री गुरुदेव का दिया तीजा रत्न 126
पूज्य श्री गुरुदेव का दिया चौथा रत्न 128
पूज्य श्री गुरुदेव का दिया पाँचवा रत्न 130
प्रीत 132
प्रेम 134
बॉल ओन द वाल 136
मिथ्यात्व का विस्फोट 138
मिथ्यात्व 139
मुक्त जीव और पुद्गल 141
मैं तुझमें तू ही मुझमें 143
मैं हूं मुझ में 145
मैंने मुझ से प्यार किया है जितना 147
यह ६० साल बिताये हैं किसने? 149
संगीत की महफिल 150
सत्य 152
स्वीकार 154
જમાનો મારાથી છે 156
અંતર મારું 157
આત્મા / જીવ 159
જુક્કો પાં વટે આય 161
નિમિત્ત/ઉપાદાન 162
નિરાવલંબી આત્મા 163
પરમ પારિણામિક ભાવ 165
વર્તમાન જ્ઞાનની પર્યાય 167
સમય 169
હું આત્મા છું જડ શરીર નથી 171
Why Mukt Gulam ? 173

# Gulam

# गुलाम

# ગુલામ

# First Black President

Friday July 19th 2013, President Obama spoke for 20 minutes
After one week the Jury rendered a verdict of "not guilty".

Trayvon Martin, a 17 year young black boy was shot a year ago.
Our first black president looked concerned, bit tired.
In the cage of presidency:
White collar shirt, dark blue suit, a tie appeared to be
A uniform caging Obama's free spirit.

Obama standing in this cage could not create everlasting,
Ever-vibrating sound:"I have a dream".
And young black boys, you too have a dream.
We can forget "history and bad past experiences".
They are past; create a society of no hate, no guns, no sounds of shootings.

Obama talked "soul searching," but appeared without free spirit.
Gandhi  abolished the British Raj of 300 years,
Kindled hope in Indians to free themselves
From British prison that had become a way of life.

Slavery predates written records, still Martin Luther King,
With his free spirit dreamed, inspired youth to dream big
Dreams, unreal to most,
Transcend "history and bad past experiences".

# I Am Running

I am running, I am running
I am running from the past, I am running to the future,
I am running, I am running

Guru tells me, you will get tired, running to and from.
Stay in the present, calm and collected. But what is that present?
I am running, I am running

My past is there, I just experienced it.  I can run from it. My future appears
to be here, I can think about the future and experience it now and here,
I am running, I am running

Then what is present? Is this my body which is running? My breath
which I can feel? Is it my mind which keeps thinking? Is it my sweat?
I am running, I am running

Is it the birds singing or no birds at all? Is it the fresh soothing air or the lack of it?
Is it the clear blue sky or the foggy grey? I can experience it all. Is this the present?
I am running, I am running

Guru says: all of this but more. Experience your free spirit, Soul. It is also there.
Don't just get caught up in the past, future, or immediate present,
I am running, I am running

Experience yourself, your indestructible soul, joy, your own permanence.
One day all the outside experiences will either wean or change,
I am running, I am running

Experience yourself, the "Knower," who knows and experiences the
past, present, and the future. That is what you are-forever,
I am running, I am running

❃ ❃ ❃

# Mahaveer Jayanti 2013

One morning under the blue sky, thousands of people from around the world came together in Boston for running, running with each other. Lot of us, in thousands, also got together to cheer. We had water, oranges, claps, and smiles on our faces. What a sight !

People have been doing this for years, but this year something very different occurred. Two young boys, raised and educated in this same city, exploded bombs. Three people had to face death prematurely. Thousands got hurt, some lost their limbs.

Suddenly the whole atmosphere changed under the same blue sky! Lot of us cried, grieved, and blamed the two boys for this horrible act. Thought came to mind that these boys in reality also had the pure perfect soul within them, full of love, bliss, and peace.

The thought of a perfect soul in a person who can perform such a horrible act: Is this possible? We all do small small acts of love and hate day and night in our thoughts, actions, and speech. Somehow we justify them. We believe that it is ok to do small bad to live good and/or comfortable life.

Do we realize that all of the thoughts of day and night, good or bad, can accumulate, multiply and grow within us? These thoughts dictate our actions and hide our true nature. They can make us into a respectable human being, or one who gets removed from his own home, society, city and even country.

On the occasion of Mahaveer's 2612th birthday celebration, we all should think of his teachings. Mahaveer said: think deep, within. Watch those thoughts, words, and actions. Observe and realize your pure soul within- full of love, bliss. Separate from worldly feelings.

The soul, like the gold in mines, is mixed with dirt and stones. Pure gold looks altogether different from the dirt it originated in. The same way our pure soul is different from our outside circumstances and is within us to experience.

With profound experiences of his own soul, Mahaveer was able to love Chandanbala, a soft-hearted slave, Chandkoshio, a poisonous violent snake, and Gautam, a learned noble man. Mahaveer saw the same blissful soul in all. Let us pray for bliss and peace for all victims, including the two young boys.

❃❃❃

# My Son

I am a young, able, handsome, healthy boy.
I have my love, my life, my house and also
my cause. Some time ago, I used to wonder:
Would I ever be able to achieve all of these?

But I have. I have done it all. I am living my
cause, living with my love, living in my house
and working in the whole world. My own
capacity, ability to dream and do, amaze me.

Now something even more precious, evermore
important, unbelievable, has happened to me.
I am going to have my own son, dearest, lovable.
How this happens! Even science is amazed.

Thoughts are running through me. I am cleaning
the house, so my son will be able to play. I am
saving, so my son will be able to dress, study, live
the best possible. I am living life for my son.

I have been thinking of this world, world's problems,
world's concerns. Pain in this world and happiness
hidden behind the suffering, sorrow, and tears.
Feelings of a father and his own son, like an ocean.

Now I have come to my house, and thinking about
my home, my love, my son. Smiling and crying.
Laughter and change of diapers. Awake full nights
but sound asleep, full of dreams. Doing it all together.

Someone came to me. Spoke in my ears. Son, your
Son is also an independent variable. Reminded me
of a science project I did in 7th grade with my father.
He will live his own personal independent successful life.

Learn to love him but also let him go. World is like
that, we love the world, but it revolves on its own.
I am the knower: pure, free, peaceful, blissful, keep
knowing it all. Nothing to do either or to worry!

Do not say now, but problems exist! People cry and
suffer. Every human has one's own destiny in this world.
But also has this blissful knower within him, to experience.
Son, know it all, live it all by knowing it all and be free of all.

❃❃❃

# Share Our Thoughts: A Eulogy

We are here to share our thoughts, condolences with his family and his Soul. We are all Souls and do know that Souls are eternal. The great saint Anandghanji has said: I became eternal and will never die. I do believe that his Soul is also eternal with profound bliss, purity, and happiness.

With that deep in our mind we know that he made his journey of this life in the best possible way one could and will also try to do his best in the future. He and his eternal Soul are telling all of us and reminding all of us today that we too need to look within. We too need to live a life realizing that our physical body could end any minute and within our blissful Soul is eternal. We too have to love every Soul and our own also.

We cannot live merely for this body and the relations we have because of this body. His Soul is reminding us to wake up and think beyond this body. We all have this body for a finite time. The time of this present life, as a human being, is very precious and dear to us. Utilize this time to see, feel, and observe, beyond this body. Do we feel something eternal within us? If so, then learn, think, meditate, and realize that.

Today, it is very clear that our life's purpose, ultimate goal, and duty is to remember the eternal, pray about the eternal, study the eternal and also realize the eternal within us. I am reminded of a couplet by saint Kabir:

નદીયાં ગહરી નાવ પુરાની, કિસ વિધ પાર તું હોવે રે,
કહત કબીરા, સુનો ભાઈ સાધો, વ્યાજ ધોખે મૂળ મત ખોવે રે

Today we and the immediate family have to put effort into remembering the eternal and take solace in the eternal. Our own eternal Soul is the only boat which takes us far from these worldly sorrows and reminds us of our own bliss and purity.

This is not an easy, but a great path. It is a path that takes us to our own base and not appearances only. It is a path that is divine and we can all do it with each other's help, togetherness, and strength from the eternal.

❃ ❃ ❃

# Sheela

Sheela: the word means a person with character, love, beauty, and cool.
True to her name, always smiling during this intense training of four years.

Born like a gift of love from God, she came to our lives after a sad time-
We had lost our son Anand. Thanks to Sheela, we now have two, Anand and Umed.

Anand means happiness and Umed means hope.
With them and Sheela's cool nature, you can imagine the life of love,
devotion, and peace. We live together, as one big family.

We moved from rural Connecticut to the city of Boston.
Left the house we lived in for 20 years and the town
we called our own for 30.  Left friends and came to Boston,
so Sheela could become a fine Lady Doctor.

Our two boys Vivek and Chintan and daughter-in-law
Tania have made several trips to Boston to be with us,
and have given us a support that we will cherish for years to come.

Today we reflect on this unforgettable journey of four years.
Throughout their training, Sheela and Duncan rode bikes to
work in all weathers--in sun, shade, rain, snow, or even ice.

We had the opportunity to combine as a family under one roof,
to be able to look deeper within, not outside.
Because these four years, who had the time to look outside?

Sheela and Duncan's love for each other and
their drive to serve the sick has helped them develop an unshakable bond.
We all have also found ourselves, our paths, our souls.

We gained training and we found a love within to last forever.
Living together, we found our own individual strengths and
we thank Boston Medical Center family for all of this and more.

Now we all are ready to move forward with love,
commitment, and indestructible will, riding our bikes all days of our lives.
It will not matter if it is sun, shade, rain, snow or even ice.

❃ ❃ ❃

# Today

I feel like a living wonder of the 21st century on this earth. I woke up in the city of Boston, in a warm house. Outside the temperature is about 18 degrees Fahrenheit and white snow covers the grounds. I freshen up, pick up the phone and dial.

I could hear an hour-long lecture by Pujya gyani pandit "Yugal KishoreJi" of Kota, Rajasthan, India. He spoke on the greatest shashtra of Jain darshan available today: "Shree Samaysar." He was explaining gatha 100 from the chapter "Karta Karm Adhikar." I felt as heavenly as I could.

This adhikar challenges a deep belief of being able to help or do for others. Gatha 100 explains how a human being has suffered for ages by always thinking, doing, speaking, and thus living for others and not for one's own ever-free blissful soul. Most of us do not even hear the word soul in the whole day; forget a lecture on pure soul. I am blessed with an entire lecture every day.

Thus I am ever indebted to and grateful to Jain darshan, our acharyas, our gurus, our pandits and gyanis, and groups who are doing their best to propagate this invaluable knowledge. These lectures and my study of shashtras have evoked an unshakable desire in me to see, search, learn, enjoy, observe, immerse, and celebrate my own soul.

❋❋❋

# इच्छायें

इच्छाओं को पूरी करें तो जैसे पावक में घी
जितनी करें इच्छायें पूरी उतनी ही बढ़ती जायें
इच्छायें रोके न रूकें दबाने से शक्ति ही पायें
फूटें वे तो समय देख कर जैसे ज्वालामुखी

मैं शुद्ध पहचानता अवश्य इच्छाओं को
पर हूं इनसे भिन्न ही, अतीन्द्रिय आनंद रूप
खुद से ही, खुद में ही, सदैव हूं तृप्त रूप
क्या इच्छायें ? कैसी इच्छायें ? ये मेरे से तो दूर

इसी तरह मैं हूं विजयी सदैव सुख शांत रूप
शुभाशुभ भावों को जानता उनसे भिन्न शुद्ध स्वरूप
मैं हूं चैतन्य शाश्वत, त्रिकाल, निर्विकारी रूप
सच्चिदानंद, पुण्य पाप से भी परे, ज्ञान शांत रूप.

✻✻✻

# इन्सान हूं या भगवान

मैं इन्सान भी हूं और भगवान भी हूं. साथ साथ ही हूं
कैसे है यह असंभव संभव, यही तो गुरु ने समझाया है
मेरे पूज्य पंच परमेष्ठियों ने अनुभव करके यथार्थ रूप से
प्रतीति कर ही तो मुझे भी करुणा से बतलाया है

इन्सान हूं तो कर्मों से, मन–वचन–काया का एक पुतला हूं
इसी पुतले में ही तो भगवान ज्ञायक भी है बसा
कर्मों का भी उदय विलय है वर्तता, और यह पुतला
इसका ही कर्ता–भोक्ता बन बैठता, पर भगवान तो ज्ञाता ही है

बस कर्म चेतना भी है और कर्मफल चेतना भी
यही तो इन्सान का अनुभव भी है, पर साथ साथ
इन सबको जानने वाला प्रभु भगवान भी है ही
मैं जानने वाला भगवान ही हूं, यह पुतला नहीं

यह इन्सान का पुतला संसार में भले जिये, कर्मों का
भोक्ता भी बने, पर मैं तो सिर्फ जानता ही हूं. मैं तो
ज्ञायक कर्म चेतना, और कर्मफल चेतना दोनों को भी
जानूं और जानने वाले ज्ञायक को भी जानूं

जानना ही तो मेरा काम है, ज्ञाता द्रष्टा ही मैं हूं
ज्ञानदर्शन उपयोग ही मेरे हैं, ज्ञानदर्शन चेतना ही मैं हूं
बस जानते जानते स्वयं को, स्वयं के ही वैभव को मैं
इन्सान छोड़ भगवान ही बन बैठता हूं, भगवान ही हूं

❃❃❃

# उपकार सदा

मैं मानूं उपकार तेरा सदैव ही, हंमेशा ही
फिर भी अणुमात्र भी कभी भी न हो सका किसी का
माँ ने जन्म दिया तो बड़ा होने के लिये और फिर
माँ से भी अलग हो, फिर भी मानूं उपकार सदा

इस शरीर को खानपान मिला, स्वस्थता भी
यौवन मिला, मिलीं जग की सुविधायें भी
पर जब शरीर ही मेरा नहीं, तो फिर कैसे हों सुविधायें
मेरी, मैं पृथक्, फिर भी मानूं उपकार सदा

देव गुरू शास्त्र मिले, इन्हीं से तो सतज्ञान भी मिला
इन्हीं का संग हुआ, सहारा हो गया, सदा मेरे पूज्य
मुझे तो मेरे ही निज पद को जानना, मानना, अनुभवना
मैं परिपूर्ण, पृथक् फिर भी मानूं अनंत उपकार सदा

माँ भी है, शरीर भी हैं, सत देव गुरू शास्त्र भी हैं
शुभाशुभ भाव भी हैं, उपकार के भाव भी हैं
इन सबसे गहरे मेरे निज शाश्वत, अपरिणामी भाव
भी है, मैं अकेला ही निर्भय, सुख शांतिमय ही मैं हूं

मैं मानूं उपकार तेरा सदैव ही, हमेशा ही
फिर भी अणुमात्र भी कभी भी न हो सका किसीका
ऐसा स्वतंत्र, त्रिकाली, अकेला, कृत–कृत्य तत्त्व हूं
मैं स्वयं ही, इस जगत से भिन्न, निराला तत्त्व हूं

❃❃❃

# एक बार मान तो

इस राग और पुण्य के विकल्प में भगवान सारा द्रव्य पड़ा है. एक समय की पर्याय, व्यक्त दशा, उसके उपर मेरी रुचि है. तो द्रव्य दिखता नहीं, द्रव्य तो कभी भी छुपा ही नहीं, तो फिर व्यक्त कैसे होवे. हंमेशा ही मुक्त ज्ञानानंद ज्ञायक व्यक्त ही है.

द्रव्य के अस्तित्व को एक बार मान तो

मैं तो हंमेशा मुक्त ही हूं, तो फिर ये सारे बंधन क्या? यह बंध मन–वचन–काया, कर्मो का योग है, जो बदलता ही रहता है. राग–द्वेषभावों से संयोग वियोग हैं, वो भी बदलते ही तो रहते हैं. तू तो शुद्ध स्वरूप इन संयोगों का ज्ञायक ही है.

कर्म व्यक्त भी हैं, एवं सत्ता रूप भी हैं. अब मैने मेरा शुद्ध स्वरूप माना है, इसीलिए मैं, इन कर्मों से जुड़ता नहीं. एक बार मैंने मुझको इन कर्मों से भिन्न माना तो फिर मैं कैसे तो इन कर्मों का कर्ता एवं भोक्ता बन भी सकूं मैं ज्ञायक ही हूं.

कर्म इष्ट हों तो वे सुख नहीं, सभी ही कर्मों के उदय में, शुभाशुभ भावों में, पुण्य–पाप में, दु:ख का ही तो वेदन है, सभी में बंध ही है. मैं तो पूर्ण रूप से मुक्त, सिर्फ ज्ञान मात्र, स्वतंत्र, स्वावलंबी चिदानंदी, अविनाशी, अखंड, अभेद, सुख शांतिमय ज्ञायक ही हूं.

जीव तू सदैव कर्मों से भिन्न ही है, एक बार मान तो

मेरा प्रभु ज्ञायक, पारिणामिक भाव, अचल, अडोल, अनुपम भी सत्ता रूप ही है, वो ही तो मैं हूं, वर्तमान ज्ञान की पर्याय में जो पर्याय मेरे ज्ञायक की ही है, स्वयं को ही तो जानता हूं स्वयं ही अनंत गुणों से भरपूर सुख शांतिमय मैं ज्ञायक ही हूं.

ज्ञान तो ज्ञान ही है, यह ज्ञान थोड़े ही कर्मों पर आधारित है. ज्ञान तो जानने वाला स्वयं की ही योग्यता से जानता है कैसे भी हों कर्मों के उदय, ज्ञान को इस कर्मों के उदय से कोई वास्ता ही नहीं. ज्ञान तो सिर्फ सभी को जानता ज्ञायक ही है

शुभाशुभ संयोग हों, भाव हों, लेकिन वे तो मैं नहीं, मेरे नहीं इन सबको जानने वाली ज्ञान की पर्याय, व्यक्त पर्याय मेरी है. जो संयोग मेरे हैं ही नहीं, तो फिर उनसे संबंध भी कैसे? यह संबंध सारे हें कृत्रिम, क्षणिक. मैं तो सुख शांतिमय ज्ञायक ही हूं

जीव तू तो जीव, एक महा पदार्थ ही है, एक बार मान तो

चैतन्य, जीव द्रव्य राग-द्वेष, पुण्य-पाप, शुभाशुभ भावों से भिन्न ही है. जीव इन सबके साथ रहता हुआ भी प्रथक ही स्वयं से, स्वयंमें परिपूर्ण ही है. सारे के सारे संबंध तो उपचार ही रह जाते हैं, मैं तो असंगी, अकर्ता, वीतराग भाव, वीर्यवान ज्ञायक ही हूं

मार्ग तो, मोक्ष का, मुक्ति का एक ही है तीन काल में, एवं तीनों लोक में, यह शुद्ध बुद्ध जीव कभी भी किसीसे भी कोई भी प्रकार का एकत्व, ममत्व करता नहीं, कर सकता नहीं. स्वयं में ही परिपूर्ण ज्ञानानंद कैसे हो कर्ता और भोक्ता? मैं ज्ञायक ही हूं

जीव तू एक बार मान तो

चक्रवर्ती संपदा और इन्द्र सरीखा भोग, कागविष्ट सम मानत हैं, सम्यगद्रष्टि लोग
इन्दोर के कांच मंदिर में लिखा है.

❃ ❃ ❃

# कर्मों का खेल

कर्मों का ये खेल है, इससे भाव होते हैं
इसमे रचना पचना नहीं,इनसे तो तू दूर है
कर्मों का ये खेल है

तू तो शुद्ध चैतन्यमय, आनंद से भरपूर है
ज्ञान का तू पिंड है, और तू ही मेरा अपना है
कर्मों का ये खेल है

कर्मों से ही शरीर है, इन्द्रियां और मन बुद्धि है
इनके विचारों से अनोखा कहीं, तू भी मेरे संग है
कर्मों का ये खेल है

कर्म तेरे साथ हैं, तू तो इनसे दूर ही है
कर्म तो अजीव हैं, तू तो चैतन्य है
कर्मों का ये खेल है

इस खेल को जानते हुए, खेल को पहचानते हुए
मुझे तो तुझको जानना है, मुझे तो तुझको पहचानना है
कर्मों का ये खेल है

मुझे तो तुझमें रचना है, तुझ ही में तो समाना है
मैं और तू तो एक हैं, इन कर्मों से तो दूर है
कर्मों का ये खेल है

ये खेल तो विनाशी है, मैं और तू तो अविनाशी हैं
तेरा मेरा संग हमेश, इन कर्मों से असंगी हैं
कर्मों का ये खेल है

❃ ❃ ❃

# कलाकारी

कोई भी कला है तो वह अपने भावों,रागों का
एक न एक माध्यम से प्रदर्शन ही है
यह सारी की सारी कलाएं, गाना, लिखना
चित्रकला और भी अनेक कलाएं अपने ही अनेक
भावों को अलग अलग माध्यम से दर्शाती है

इसीलिए कलाओं को देखने, सीखने का मन होता है
क्योंकि मानव के ही मन से, राग का प्रदर्शन है
रागी मानव को उसे देखने, सुनने में अच्छा लगता है
ऐसे मानव के भावों को एक नए तरीके से समाया हो
इसीलिए कला सभी को पसंद भी आ जाती है

अब यदि मैं आत्मा हूं तो ये शुभाशुभ भाव मुझमें
ही होते हुए मेरे शुभ भावों से तो अलग ही हैं
इन भावों में हंसना है, रोना भी है, मेरे शुद्धभावों
में तो एक गंभीर, गहन सुख–शांति का अनुभव है

तो इन कलाओं को देखते देखते इन शुभाशुभ भावों
को ही निहारते कुछ गहराई में जा, ये भाव कहां
उत्पन्न हो रहे हैं, वहीं शुद्ध भाव भी मौजूद ही हैं
जीव शुद्ध को पकड़, इन शुभाशुभ के रंगों में न रंगा

इन सारी कलाओं की गहराई में मेरे ही शुभाशुभ
भावों के पीछे ही, समीप ही, शुद्ध भाव भी हैं उनकी
ओर भी द्रष्टि कर, जेवरों की कलाकारी नहीं परन्तु
सोना देख, सिर्फ चमक नहीं सच्चा हीरा ही देख

❃❃❃

# गांधीजी के तीन बंदर

गांधीजी के तीन बंदर थे, बुरा न देखें, बुरा न सुने, बुरा न बोलें
जैन दर्शन के भी तीन बोल हैं, पर को न देखें, न सुनें, न बोलें
फिर तो पर का अथवा पर से कुछ कर सकना असंभव! यह पर है क्या?
मैं भगवान आत्मा को छोड़ सारी दुनिया भर के जीव-अजीव ही है पर
मैं जीव द्रव्य, मुझे ही देख, मुझे ही सुन के जान, मुझ से ही बोल के जान
मैं जीव स्वयं ही, स्वयं से ही, स्वयं में ही पूर्ण ज्ञानानंद, सुख शांतिमय हूं

मुझे पर द्रव्य में देखना नहीं, पर का सुनना नहीं, पर से बोलना नहीं
मैं इस पर से संयोग अज्ञान वश ही कर कर के तो दुःखी ही होता हूँ
चार गतियों का कारण यही अज्ञान और पर में झांकने का कारण भी
जितना पर से एकत्व, ममत्व, कर्तृत्व, और भोक्तृत्व है उतना ही दुख
दुख का कारण, दुख की तीव्रता और दुख का ही अनुभव है
वास्तव में तो मैं मुझ में ही पूर्ण ज्ञानानंद, सुख शांतिमय हूं

पर मुझ ज्ञानानंद में जणा अवश्य जाता है, यह तो मेरे ही ज्ञान की शुद्धता
जणा जाये इसलिये पर मेरा तो हो नहीं जाता, हो नहीं सकता
संयोग का मतलब ही तो पृथक् है न! पृथक् था इसलिये ही संयोग कहलाया
यह संसार जीव-अजीव का संयोग ही है, वास्तव में सदैव पृथक् ही
खुद खुद में परिपूर्ण द्रव्य हैं. जैन दर्शन का सत कहो, कुदरत का भी सत है
यही हमारे पंच परमेष्ठियों की अनुपम देन है, मैं पूर्ण ज्ञानानंद, सुख शांतिमय हूं

यह अनादि का दर्शन ही ऐसे पूर्ण सत को इतनी स्पष्टता से, गहराई से
समझा कर मानव को ही भगवान बनाता है, मानव तेरा सच्चा स्वरूप ही
सिद्धरूप ही है. क्यों तू इन क्षणिक संयोगों को अपना मान, जान इस
संसार में ही भटक रहा है. अब तो तुझे ज्ञान मिला है, जाग, उठ खड़ा हो
स्वयं को संयोगों से पृथक् जान कर एक बार विश्वास से कह भी दे मैं
पर में न देखूं, पर को न सुनूं,पर से न बोलूं, मैं पूर्ण ज्ञानानंद, सुख शांतिमय हूं

❃❃❃

# चंदनबाला

महावीर के शासन के जैनों, पहचानो सती चंदनबाला को
वो महावीर की प्यारी थी, उनकी प्रथम शिष्या थीं
महावीर के शासन की, जिन वाणी की वो प्रतीक हैं
चंदनबाला तो जन्म से राजकुमारी और अपार वैभव धारी

कर्मों के उदय से, बिकना पड़ा उसे बाजार में
महावीर तब उसे बचाने नहीं आये और उसे तो बिकना ही पड़ा
फिर कर्मों का उदय देखो, एक सेठ की नजर पड़ी और
सेठ ने उसे खरीद लिया, घर लाया एक दासी तरह

बनी चंदनबाला राजकुमारी से दासी तब
क्या महावीर उसके साथ थे, जिनवाणी का संग था
फिर पड़ी नजर उसकी सुन्दरता पर सेठानीजी की
हथकडियां लगीं, अंधियारे में बंद रही वही चंदनबाला

तब फिर सेठ आ पहुंचे और देते हैं उसे
कठोर, सूखे बाकुड़े खाने को, भूख बुझाने को
ऐसे, ऐसे घोर कष्टों में, प्रतिकूल वातावरण में
भी न भूली चंदनबाला महावीर को, न भूली जिनवाणी को

उसने पुकारा मुनि को, और महावीर आ पहुंचे
आकर भी फिर लौटे, तब वह हो गईं भाव विभोर
और उसने स्व को पा लिया, परिभ्रमण का नाश किया
तो फिर महावीर के जैनों कर्मों का उदय तो होगा ही

अच्छे होंगे, बुरे होंगे, कैसे भी वे तो होंगे ही
न भूलना महावीर को, न भूलना जिनवाणी को
याद कर लो महावीर को, भावों में बसा लो जिनवाणी को
तभी तुम तैर पाओगे, परिभ्रमण को कम कर पाओगे

कर्मों से न डरो, और न ही फंसो अनुकूलताओं में
तुम तो बस भज लो, बसा लो महावीर को स्व में
स्व आत्मा में डूब जाओ, स्व को अंधियारे से हटाओ
और उस उषा की लालिमा, सदैव के लिए लाकर
इन दुखों को, परिभ्रमण को, सदा के लिए खत्म करो.

❃ ❃ ❃

# चारित्र

चारित्र की महीमा तो मानव ने सदा ही की है. रामचरितमानस क्या राम और सीता के ही चारित्र की बात नहीं ? सदाचार से जीना, सत्य ही सुनना, बोलना, और कहना क्या हमारा धर्म नहीं ?

संयम से जीना, संयम से खाना, संयम से जो धन दौलत पाई उसे खरचना. संयमी जीव हमारे समाज में पूजनीय. बच्चों को भी हम संयम बचपन से ही सिखाते हैं. क्या यही हमारा चारित्र नहीं ?

मैं आत्मा और मेरे तीन रत्न हैं, रत्नत्रय, सम्यक्श्रद्धा, सम्यक्ज्ञान, एवं सम्यक्चारित्र

सम्यक् मतलब पूरा सच्चा. जैसा है वैसा ही श्रद्धा में लाना, ज्ञान में जानना एवं चारित्र में अपनाना.

यही रत्नत्रय तो हमारा धर्म है, जीव जब स्वयं को, ज्ञानस्वरूप को, ज्ञायक को, जानता है तो कहते हैं कि दुनिया के ज्ञान से होते, राग से भिन्न, स्वयं के ज्ञान को, स्वसंवेदन से जानता है.

इस राग एवं स्वभाव बीच ही तो है सुक्ष्म संधि, सम्यक्ज्ञान ही इस संधि को छेद देता है. मैं राग का अनुभव नहीं, स्वभाव का अनुभव करता हूं. राग, चारित्र गुण का दोष, एक समय के लिये हुआ दूर.

सम्यक्श्रद्धा, इस जगत के वस्तुस्वरूप की सच्ची श्रद्धा से मेरा ज्ञान, ज्ञायक, निर्मलता से परिणमा इस राग, चारित्र गुण के दोष को छोड़ स्वभाव का अनुभव ! एक समय के लिये प्रभू तेरे दर्शन हो गये.

यही तो चारित्र है, सम्यक्श्रद्धा में टिक जाना ही चारित्र है, तब बाहर से शरीर की अवस्था बाहर का चारित्र कहलाता है. स्वभाव, ज्ञायक भाव, आत्मभाव का अनुभव ही चारित्र है. ज्ञानानंद भी यही है.

# जीव कहे क्या करना है

जीव कहे क्या करना है, जीव कहे क्या करना है
हर पल, हर क्षण, जिनवाणी को समझ, अंतर में
विश्वास ही तो करना है, जीव कहे क्या करना है

जीव कहे क्या करना है, जीव कहे क्या करना है
हर पल, हर क्षण, पर द्रव्य से, पर द्रव्य के भाव
को ही मुझसे पराया करना है, जीव कहे क्या करना है

जीव कहे क्या करना है, जीव कहे क्या करना है
हर पल, हर क्षण होते भावों में अज्ञान को जान निज
ज्ञानस्वरूप को ही जानना है, जीव कहे क्या करना है

जीव कहे क्या करना है, जीव कहे क्या करना है
हर पल, हर क्षण, सात तत्त्वों का जैसे हैं वैसे ही मान
सही श्रद्धान ही तो करना है, जीव कहे क्या करना है

जीव कहे क्या करना है, जीव कहे क्या करना है
हर पल, हर क्षण, मैं देह नहीं, न हूं संयोग
यही तो मानना जानना है, जीव कहे क्या करना है

जीव कहे क्या करना है, जीव कहे क्या करना है
मुझमें होते रागादि भावों से भिन्न ही मुझ चैतन्य को
जान उसमें ही अहं करना है, जीव कहे क्या करना है

जीव कहे क्या करना है, जीव कहे क्या करना है
मैं हूं ही शुद्ध बुद्ध जीव, यही जान लिया, मान लिया
तो फिर करना ही क्या मुझमें ही तो रमण करना है

जीव कहे क्या करना हैं, जीव कहे क्या करना है

❃ ❃ ❃

# ज्ञाता - दृष्टा

सभी कहते हैं कि आत्मार्थी बनना है, मोक्ष मार्ग पर चलना है तो
ज्ञाता–दृष्टा बन, तू ज्ञाता–दृष्टा बन, किसका ज्ञाता–दृष्टा?
कैसे ज्ञाता–दृष्टा? और आगे फिर कौन बनता है ज्ञाता–दृष्टा?

ये सारी दुनिया जो लगती है मुझे लुभावनी, देखने योग्य, जानने योग्य
मैं इसको जानूं, अच्छी तरह जानूं, फिर देखूं, क्या यह है ज्ञाता–दृष्टा?
मेरे शरीर को भी जानूं पहचानूं, संवारुं, उसका ध्यान रखूं फिर निहारूं भी
मेरे घर परिवार संबंधी और मित्रोंको भी जानूं, पहचानूं याद करूं
मेरे खुदके विचारों, भावों, मन, बुद्धि की मान्यताओं को भी जानूं
फिर इस संसार में तो हैं अनंत विद्याएं, इनमें से थोड़ी बहुत पसंद करके
उन्हें जानूं, पहचानूं, उनमें पारंगत बनने का प्रयास करूं, तब तो इतने
सबके ज्ञाता–दृष्टा बनने के लिए तो ये जिंदगी भी कम ही पड़ेगी. भले मैं
कहूं मैं तो सिर्फ जान ही रही हूं, कुछ भी बदलने का तो मेरा मक्सद ही नहीं

आत्मार्थी तुझे तो दुनिया नहीं, निज आत्मा को जानना है, उसका अनुभव करना है
माना दुनिया है रंगबिरंगी बदलने वाली, पर तेरा आत्मतत्त्व भी है न
ध्रुव, अविनाशी, आनंद से भरपूर, शांत और रमणीय उसे जानकर तो देख,
उसका आनंद एक क्षण क्या, एक समय के लिये तो चख, फिर ही तू
वास्तव में, सच्चे रूप में इस दुनिया को जान पायेगा
ये दुनिया तो ऐसे ही अनादि अनंत चलती रहेगी
तेरा आत्मतत्त्व भी शुद्ध, चिदानंदी शाश्वत है
आत्मतत्त्व ही इस दुनिया का सही ज्ञाता-दृष्टा है,
जो ज्ञानानंदी कहलाता है

❋❋❋

# दाने दाने पर लिखा है

दुनिया कहती है, दाने दाने पर लिखा है
खाने वाले का नाम, और ऐसा मानती भी है
तो फिर क्या इस दाने को खाने की क्रिया और
खाते खाते होता भाव भी लिखे ही हैं न!

राग–द्वेष के भाव तो होते ही हैं, हो ही जाते हैं न!
इन राग–द्वेष के भावों के गरजते
बादलों के पीछे श्वेत सूर्य की रौशनी भी है
इन भावों को जानने पहचानने वाला भी है

इन्हीं भावों के पीछे ज्ञान भाव, वीतराग भाव
शाश्वत है, सौम्य है, शांत और गंभीर भी है
सदा के लिये एकसा ही रहता है ऐसा यह भाव
स्थिर स्तम्भ सा आधार है, यह मैं हूं, मेरा है

इसी पंचम भाव में मुझे सुख, चैन, सुकून मिलता है,
शांति, निडरता का भी अनुभव है
इसी भाव को गुरु ने बताया, समझाया है
इसी भाव से भरपूर उमड़ती मैं हूं, मैं ही हूं

# दिवाली

दिवाली आई महावीर की याद है लाई, महावीर के
गुणों को याद कर, आतम दिया प्रगटायें
स्वयं के गुणों को जानकर, जीवन में प्रकाश लायें
आज का दिन है मंगलकारी, शुभ और आनंदी

आज का दिन तो कितना अनोखा, महावीर ने
पंचम गति है पाई, गौतम ने पंचम ज्ञान पाया
और सुधर्मा स्वामी बने श्रुत केवली. कैसा तो अनोखा है
यह अवसर, करे सबको शुद्ध भावों में विभोर अपने भी
भाग्य को तोलें तो इतना भारी कि तोला ही ना जाय

महावीरने गौतम को आत्मा है इसका अनुभव कराया
गौतमने सुधर्मा स्वामी को समझाया
हम भी तो इस गुरु शिष्य परम्परा में हैं, और यही
परंपरा है गुरुओं की, वीतरागता और ज्ञान की वंशावली
सदगुरुओं ने उत्कृष्ठ पुरुषार्थ कर, स्वयं की
आत्मा को पाया और हमें भी समझाया

गुरुओं के पुरुषार्थ के ही तो ये दिए हैं, इन्ही के पुरुषार्थ का ही
तो श्रृंगार है, दिये जलायें और स्व पुरुषार्थ को प्रगटायें
कर्मों को जलायें और स्वतंत्रता को पायें, गुरुओं का उपकार
कभी न भूलें, गुरुओं का अनमोल साथ कभी न छोड़ें
कितने हैं हम भाग्यशाली कि मिले हैं हमको
वीतरागी गुरु और वीतरागी जिनवाणी

अब तो गुरुओं के संग रह रोज जिनवाणी को सुनना है
स्वात्मा को अवश्य ही पहचान रोज दिवाली मनाना है

❃ ❃ ❃

# पड़ोसी

घर हो तो ऐसा कि पड़ोसी भी अच्छे हों, पास में रहें
समय पर मदद करें, अच्छे स्वभाव के हों
रोज रोज की खट खट न हो, घड़ी घड़ी दरवाजे पर आकर खड़े न हो जायें, मुझे मेरी स्वतंत्रता भी दें

घर भी शांत, सूर्य के प्रकाश से उज्ज्वलित, खुला, किसी भी प्रकार की तकलीफों से अलग हो
प्रभु मुझे तो दोनों ही जैसे चाहिए थे वैसे ही मिले, लेकिन पागल मैं मेरी समझ में ही गड़बड़ हो गई

प्रभु मैं तो पड़ोसी के घर को ही मेरा समझ बैठा, रोज उसीकी चिंता, उसीकी सफाई और उसीसे प्यार करने लगा. अब तो वो ठहरा आखिर पड़ोसी, कभी बिगड़ जाय, तो कभी मुझे परेशान कर डाले

पड़ोसी की तो बात ही क्या करूं? वो तो मुझे हर दो घंटे कुछ न कुछ के लिए बुलाये
मैं भी उसीका विचारता, उसीकी प्रशंसा करता. यहां तक कि गौरव भी तो मैं उसीका करने लगा

गलती भी मेरी ही है, जब मैं ही उसके घर में रहने लगा तो वो बिचारा क्या करे? मेरे खुदके शांत प्रकाशमान, उज्ज्वलित, आनंदी घर को पूरा ही भूल गया. मेरा घर भी है, उसका भी मुझे भास नहीं

इस पड़ोसी की परेशानियां घटतीं बढ़ती, मेरी तो बेचैनी, आकुलता, कभी रोना, कभी हंसना जारी रहता एक दिन अचानक मैं मेरे एक बहुत ही पुराने सच्चे अच्छे मित्र से मिला, उसने कहा भाई ये क्या हो गया? तुम्हारा तो इतना सुन्दर घर था. कहां गया? ये किसके घर में रह रहे हो? वो तो बड़े आश्चर्य से
मुझे बहुत समझाने लगा. उसे लगा कि मैं तो पागल हो गया हूं, मुझे मेरा ही घर मालूम नहीं
मेरे दोस्तने मुझे बड़े ही गुस्से के साथ प्यार और उत्साह से समझाया

अब मुझे थोड़ा थोड़ा ख्याल आया है.मैं मेरे पड़ोसीसे थोडा थोडा स्वतंत्र हो रहा हूं
मेरे खुद के घर को याद कर, उसके गुणों को याद कर, उसीका ध्यान कर रहा हूं
मित्र, मैं अवश्य एक दिन मेरे खुद के ही घर लौटूंगा और फिर सदैव के लिये वहां ही रहूंगा
यह अनित्य, विनाशी मुझे परेशानियों से पागल कर दे और मैं उसे परेशान करता रहूं
ऐसे पड़ोसी को अवश्य ही दूर करूंगा वो पड़ोस में भले रहें पर मैं तो मेरे ही घर में रहूंगा

अब पड़ोसी भी खुश और स्वतंत्र; मैं भी आनंदी और स्वतंत्र. अब मैं पड़ोसी को पड़ोसी की तरह संभालता हूं, पर रहता तो मेरे खुद के ही घर में, प्रभु खुद के ही घर में

❋❋❋

# पुरुषार्थ

पुरुषार्थ किसे कहें? कैसे करें? क्या करें? कितने प्रश्न उठते हैं
वो भी इस चंचल मन में और मिथ्यात्वी बुद्धि में. गुरुवाणी तो मिली है
लेकिन सामने गुरु नहीं जिससे पूछ सकें, साथ समागम कर सकें, जिसे अपना गुरु कह सकें
तीर्थंकरों की आदि से आ रही ये परम्परा और साथ में जिनवाणी, वैराग्य की वाणी

आत्मधर्म की वाणी, इसे पढ़ते आ रहे, समझते आ रहे, इसीका समागम करते आ रहे
''मैं आत्मा हूं'', इस शरीर से अलग, मन बुद्धि से परे, एक तत्व हूं
इसको मानना, जानना, इसी में विश्वास, श्रद्धा द्रढ़ करना ही तो धर्म है
इसमें समायें सारी मान्यतायें, लगता है सारे प्रश्नों के उत्तर

मैं आत्मा हूं और सारे जीव भी मेरी ही तरह आत्मायें हैं इसीसे तो अहिंसा, अपरिग्रह,
और प्रकृति के प्रति सम्मान है, इसीमें पूरा वैराग्य, अपार करुणा और असीम प्यार है
इस शरीर में रहना है और अशरीरी जो साथ साथ है उसे जानना है
इसीलिए तो पुरुषार्थ करना है और इसीको पुरुषार्थ कहते हैं

सारे अजीव को अजीव की तरह ही जानना है, मानना है, पहचानना है
जीव के गुणों को भी जानना है, उनका अनुभव भी करना है
इन्हीं इन्द्रियों से, इस मन बुद्धि से, और धीरे धीरे सारे राग द्वेष
मेरे नहीं, मेरे हो सकते नहीं, उनका भी अनुभव करना है.

इसीलिए खूब चेतावनी से, खूब धगस से, जोर शोर से, पूरी हिम्मत और निर्भयता से
पुरुषार्थ करना है, कुछ भी हो मुझे डरना नहीं, मैं तो शुद्ध आत्मतत्त्व हूं
मुझे तो कोई आंच भी न दे पाए, सो पूरी निर्भयता से पुरुषार्थ करना है
जिनवाणी मिली, गुरुवाणी मिली, तो फिर गुरु भी हैं मिले, इस विश्वास के साथ

आगे ही आगे बढ़ना है. उस निर्विकल्प, सच्चिदानंदी, शुद्ध स्वरूपी तरफ ही प्रस्थान करना है
मैं हूं ही पूर्ण, ज्ञानानंद, शुद्ध स्वरूपी तो प्रस्थान भी क्या? पुरुषार्थ भी क्या?
आना नहीं, जाना नहीं, पूर्ण अकर्ता, अपरिणामी, स्वतंत्र, शुद्ध उसे करना ही क्या?
जो है, वही है, बस एक बार मान ले तू सत को, फिर तो देखे सदैव तू सत को

❃❃❃

# प्रभु तुझ संग

प्रभु तुझ संग तुझ संग ही मुझे रहना है, इस दुनिया में मेरा कोई घराना नहीं
यहां मेरा कोई ठिकाना नहीं, इस दुनिया में मेरा कोई विसामा नहीं

प्रभु तुझ संग तुझ संग ही मुझे रहना है, इस शरीर में मुझे रहना नहीं
ये घर मकान मेरा ठिकाना नहीं, परिवार मित्रोंमें मेरा विसामा नहीं

प्रभु तुझ संग तुझ संग ही मुझे रहना है, इस शरीर से मुझे कुछ जानना नहीं
इन्द्रियोंसे मुझे कुछ पहचानना नहीं, अतीन्द्रिय ज्ञानका तो ज्ञायक तू

प्रभु तुझ संग तुझ संग ही मुझे रहना है, दुनियाके दु:ख सुख मेरे नहीं
शुभ अशुभ भाव भी मेरे नहीं, शुद्ध निर्मल आनंदका तो आनंदी तू

प्रभु तुझ संग तुझ संग ही मुझे रहना है

✻✻✻

# प्रभु भजन

प्रभु तुझे रोज भजते हैं, लेकिन प्रभु तू कौन जाना ही नहीं
इस वाणी से भजते हैं, वो तो कर्मरज, प्रभु तू तो चैतन्य है
इस शरीर से नमते हैं, वो तो जड़, प्रभु तू तो ज्ञानमय है
मेरे रागी भावों से भजूं तुझे, प्रभु तू तो वीतरागी है

प्रभु तुझे भजूं तब एक क्षण तो तेरे शुद्ध स्वरूप को भजूं
तूने ये स्वरूप मनुष्य भव में ही पाकर बताया, उसे तो
याद कर, प्रणाम कर, भज कर, वही स्वरूप मुझ में ही निहारूं
तेरे निर्मल, शुद्ध, इस संसार से भिन्न को भी भज लूं

प्रभु तुझे भजूं तब तेरे अपार, असीमित ज्ञान को भजूं
तूने कैसे तो इस ज्ञान को प्रगट कर बताया वो जानूं
तू जैसा ज्ञायक है, आज प्रगट में, तुझे पूरी दुनिया है भजे
वैसा ही ज्ञायक छुपा है मुझमें, उसे भी तो याद कर लूं

प्रभु तुझे भजूं तब तेरे चिदानंदी, आनंद ही आनंद को भजूं
तू प्रभु आनंदी और मैं व्याकुल, बेचैन, और हूं दुखियारा
फिर जब याद करूं तुझे, लगे मेरा भी तो दुख है भागा
इस आनंद को ही ग्रहण कर लूं, हर क्षण तुझे ही भज लूं

प्रभु तुझे भजूं तब दिखे तेरा वीतरागी, शुद्ध, ज्ञायक, चिदानंदी स्वरूप
तूने प्रगट किया तेरा सर्व स्वरूप उत्कृष्ट पुरुषार्थसे, तूने तो
इस असंभव को कर बताया है संभव, उस पुरुषार्थ को भजूं
मैं भी तेरेसे प्रेरित हो जगा लूं मेरे पुरुषार्थ को प्रभु मेरे पुरुषार्थ को

प्रभु तुझे भजूं तब देखूं तुझे स्वआत्म तत्त्व में लीन
इस सारी दुनिया से दूर दूर प्रकाश ही प्रकाश में
तूने ही बताया है, कि भजते भजते होना मुझे भी लीन
मेरे स्वयं के आत्म तत्त्व में, होऊं मैं लीन एक क्षण को

प्रभु तुझे भजूं मैं, सच भजूं मैं, मेरा भजन सफल करूं मैं
उस दिन जब पाऊं तुझे मुझमें, दुनिया सारी भूल
शरीर–घर–परिवार, भूल लीन होऊं तुझ–मुझ शुद्ध तत्त्व में
उसी दिन भजना मेरा सफल हो और भजूं मैं सच में

✻ ✻ ✻

# प्रभु श्रद्धा हो मेरी

प्रभु श्रद्धा हो मेरी स्व में तुझ तरह, तो पाऊं मैं स्वचारित्र, बनूं मैं विमुख दुखों से,
आकुलता और व्याकुलता से, और पाऊं मैं अतीन्द्रिय सुख निराकुलता का
बनी है ये मेरी दशा अनंतानंत समय से, विपरीत रही है श्रद्धा एवं चारित्र भवों से
प्रभु श्रद्धा हो मेरी स्व में तुझ तरह, तो पाऊं मैं स्वचारित्र, बनूं मैं विमुख दुखों से

प्रभु भटक रहा हूं, मैं जब से निकला निगोद से, फिर मैंने बिताया अनंता अनंत
समय इन चारों गतियों में, प्रभु भटका हूं मैं तीनों लोक और उनके सारे क्षेत्रों में
बनी है ये मेरी दशा क्योंकि विपरीत रही श्रद्धा और चारित्र मेरा, ज्ञान ने तो जाना
स्व को और पर को लेकिन मैंने तो पर को ही जाना मेरा, और उसी में मेरा हित माना
फिर मेरा उपयोग भी लग सके सिर्फ पर के ही ज्ञान में, ज्ञान है मेरा विपरीत और है
पराधीन इन्द्रियों का इसीलिए प्रभु मैं भूलता रहा स्व को, और मेरे अतीन्द्रिय शाश्वत सुख को
प्रभु श्रद्धा हो मेरी स्व में तुझ तरह, तो पाऊं मैं स्वचारित्र, बनूं मैं विमुख दुखों से

प्रभु तूने तो कैसा अजायब पुरुषार्थ किया, ढूंढ़ निकाला स्व को ऐसे अपार संसार में से
संसार तो है कितना बड़ा, कितना दिलचस्प, भूलता है और लुभाता है इस जीव को क्षण क्षण में
तूने तो जहां नजर डाली, देखा स्व को, पहचाना स्व को, वृद्ध को देखा तो शरीर की अनित्यता
को जाना, रोगी को देखा तो अकर्ता पने का आत्म गुण पहचाना, मुर्दे को देखा तो इस शरीर से
अलग स्व आत्मा को पा लिया और पा लिया शाश्वत सदैव का परम सुख
प्रभु श्रद्धा हो मेरी स्व में तुझ तरह, तो पाऊं मैं स्वचारित्र, बनूं मैं विमुख दुखों से

# भावों का खेल

मन में अशुभ भाव आ ही जाते हैं, तो फिर मन में दुख होता है, जीव तू ऐसा कैसे विचारता है इतना
जिनवाणी, गुरुवाणी, वीतरागता को पढ़ता है फिर भी अशुभ भाव !
और जीव अशुभ को याद कर दुखी होता है

गुरुवाणी तो मिली है तेरे शुद्ध ज्ञायक भाव को भावने के लिये उस पर एकाग्र होने के लिये
अशुभ भाव आ गये तो उनके कारण थे बाहर, कारणों को भी तू नहीं हटा सकता
और अपने भावों को भी तू रोक नहीं सकता, बदल नहीं सकता

जीव तू तेरा स्वयं का ही पुरुषार्थ कर, कि तू स्वयं तो इन भावों से भिन्न, अलग, ज्ञायक भाव ही है
तू तो इन भावों के खेल को सिर्फ, केवल, जान ही सकता है, देख ही सकता है
ये अशुभ भाव तेरे नहीं, तू इन्हें कर भी नहीं सकता

तो भी होते हैं न? क्यों होते हैं? क्यों ये मुझे सताते हैं? क्यों दुख देते हैं ?
तो गुरुवाणी को याद कर, इन भावों से स्वयं को भिन्न देख, अलग देख
स्वयं को शुद्ध, निर्मल, केवल, जानने वाला ही देख. इन भावों के खेल में ही तू न पड़

शुभ भाव तो और भी कठिन हैं. वे तो अच्छे, अंतरंग में मीठे लगते हैं
सारी दुनिया भी उन्हें संवारती है. उन्हींको मान सम्मान देती है. जीव तू तो सावधान हो ले
इन शुभ भावों को भी अपने स्वयं के न मान. इनके कारण भी बाहर ही हैं

अरे तू तो इन भावों का खेल ही छोड़, इनमें कहीं भी जीत ही नहीं, हार ही हार है
तुझे खेल में जीतना है तो इस खेल के ज्ञायक भाव को, इस ज्ञान की धारा को पकड़ ले
वही तू है, यह ज्ञायक भाव, सिर्फ जानने वाला ही तो तू है

गुरुवाणी सुन, भक्ति पूजा कर, इनमें भी लीन हो जा. लीन हो जा मतलब
तेरे ज्ञायकभाव में ही तो लीन होना है. गुरुवाणी तेरे स्वयं के ज्ञायक को ही समझाती है
वही तो तेरी भक्ति है. इसी भाव में लीन सिद्ध प्रभु ही तो तेरे पूज्य हैं, तेरे ध्येय हैं

कर ले मिलन इस ज्ञायक भाव से, जीत ले तू इन भावों के खेल को. ज्ञायक भाव ही तू है
यही तेरा स्वयं का है, इसके कारण भी तुझमें ही हैं. इसी पर तेरा स्वामित्व है, यही तेरा ज्ञान है यही तेरा स्वयं का दर्शन है, सुख है, आधार है

ज्ञायक भाव, ज्ञायक भाव ही मेरे जीने का आसरा है, मेरी मान्यता का सहारा है
मुझे अंतर्मुख होने के लिये, मेरे प्रभु से मिलन करने के लिये, यही मेरा ध्यान है, ध्येय है
मेरा सुख है, मेरा स्वयं का है, मेरा ही है

❃❃❃

# मर्यादा

बचपनसे ही माँ–बापने सिखाया मर्यादासे रहना चाहिये,
मर्यादासे उठना, बैठना, मर्यादावाले कपड़े पहनना,
मर्यादासे ही बातचीत करना, जीना ही मर्यादासे

तब तो इस लोकमर्यादा का अर्थ ही यही समझे थे कि समाज में
समाजवाले, जिसे, जिस तरहके व्यवहार, कपड़े आदि को उचित समझें
वैसे ही यदि हम रहें, तो हम मर्यादासे जी रहें हैं

समाज में ख़ुशी से, सभी की आंखोमें अच्छे बन रहने का यही
एक तरीका है. सबके संग, मिलझुल कर रहना ही सच्चा रहना है
इसमें कभी कभी समझौते के लिये थोड़ा झूठ या चोरी भी हुई तो क्या

जिनशासनका अध्ययन शुरू किया तो बड़ा आश्चर्य ही हुआ
सच्ची मर्यादा क्या है, मर्यादा से, मर्यादा में कैसे जीयें?
जिनशासन तो कहता है, समाजको, और समाज जो उचित समझता है, उसे छोड़

समाज तो बदलता ही रहता है, तू तो तेरे स्व में शाश्वत को पहचान
यदि तू खुदको पहचाने बगैर समाज जैसे जीता है, वैसे जिए तो यह तेरी मर्यादा का भंग है
तू तो खुद के वसूलों को भी भूल बैठेगा, सत से भी दूर हो जायेगा

जिनशासन की मर्यादा एक एक द्रव्य तक जाती है
जीव और अजीव दोनों द्रव्य ही स्वयं के ही क्षेत्र, काल और भाव में ही
मर्यादित हैं. जीव, जीव में ही पूर्ण और अजीव, अजीव में

ऐसी लोकोत्तर मर्यादा को समझ तो लोकमर्यादा भी समझ में आयेगी
जीव तू समाज में भी किसी भी और का चुराये बिना स्वयं में ही
स्वयं के ही विश्वास से रहेगा तो इस भव में सुखी होगा

तेरा ही सत ज्ञान तुझे सत भरे जीवन जीने की शक्ति देगा
लोकोत्तर मर्यादा को गहराइयों से समझेगा तो भवोभव सुधार लेगा
इस भव में भी खुश और भवोभव में भी खुशहाल ही रहेगा

तू निर्भय, निडर, निश्चिन्त बन स्वयं में ही, स्वयं से ही खुशहाल हो उठेगा
दुनिया तो हमेशा से है, और रहेगी. तू तो इन सबसे अलग तुझ आत्मा को पहचान
तेरे ही शाश्वत तत्व को जान, मान, और देख भी सकेगा

❃❃❃

# माँ और बेटा

एक माँ नन्हे बच्चे को खुद का ही दूध पिलाती है
बाहर का कुछ भी उसे नहीं देती सो बच्चा स्वस्थ रहे
अच्छे से बड़ा होवे वैसे ही जिनवाणी माँ भी अपने बच्चों से
कहती है धर्म सीखो, नमो अरिहंताणं को याद करो और अच्छे से बड़े हो

बच्चा जैसे बड़ा होता है, माँ उसे बाहर का सिखाती है. खेलने, बढ़ने, बाहर स्कूल बगैरह
हर समय, हर क्षण के भिन्न भिन्न अनुभवों से भी अब तो मैं थका हूं
ये बदलते अनुभव मुझे हंसाते-रुलाते, अच्छे-बूरे लगते, लाभ-हानि वाले लगते
मैं तो सदैव ही आनंदी, ध्रुव, अचल, अडोल, मुझ में ही हूं
मैं तो ज्ञायक हूं प्रभु ज्ञायक हूं ज्ञायक ही हूं

# दिल एक मंदिर है

दिल एक मंदिर है, स्वआत्मा की जिसमें होती है पूजा, यही मेरा घर है
दिल एक मंदिर है

जाने वाले तो सदा हैं पराये, स्वघर की याद ही मैरी है (२)
दिल एक मंदिर है ......

हर धड़कन (ख्याल)में होती है मुक्ति,आंख जो मींची, हो जाये दर्शन (२)
मौत मिटा दे ये पुद्गल हस्ती, आत्मा तो ... अमर है (२)
दिल एक मंदिर है .......

हम इस पुद्गल के बंधन को भूल, निज आत्म ज्योत जलाएं (२)
सांस (ज्ञान) की हर पल (क्षण) पुकारे, यह परमात्मा का घर है (२)
दिल एक मंदिर है .........

❃ ❃ ❃

# पूज्य श्री गुरुदेव का दिया पहला रत्न

एक द्रव्य अन्य द्रव्य का कुछ भी नहीं कर सकता
शरीर है जड़ और मेरा चैतन्य राजा तो इससे अलग
शरीर मेरे चैतन्य राजा का न कुछ कर सके और न ही
मैं चैतन्य इस शरीर का, कुछ भी बना सकूं या बिगाड़

मैं चैतन्य ही तो ज्ञान स्वरूप और यह सब जान सकूं
इस बेचारे शरीर को क्या खबर, इसके तो गुण ही हैं
सड़ना और गलना. वो ही तो इस में होता रहे हर पल
मैं चैतन्य कुछ भी न करते, सिर्फ जानूं

मैं ज्ञान स्वरूप अनंत निज निधियों से हूं भरपूर
इस शरीर में ही रह, इस संसार में ही जी, सिर्फ ही
सबको जानूं. दुनिया समझे मैं रहता इस संसार में
पर मैं तो निज स्वभाव में, निज गुणों संग ही हूं

इसीलिये यह जानना, मानना, अनुभव में भी लाना
कि एक द्रव्य अन्य द्रव्य का कुछ भी नहीं कर सकता
संसार का ऐसा महान रत्न, कि भूला हुआ मैं सदियों से
फिर स्वयं को निज निधियों संग जान सकूं, देख सकूं

एक बार जाना, माना, पहचाना मुझ चैतन्य चिंतामणी को
सारे द्रव्यों से भिन्न, असंगी, पूर्ण अकर्ता और साथ
साथ में की प्रतीत, किया अनुभव कि मैं चैतन्य तो हूं
ही स्वयं में, स्वयं से, परिपूर्ण, चिदानंदी, ज्ञानस्वरूप

जानना ही तो है, मानना ही तो है, मुझ अंतर में
मुझ चैतन्य का, आनंद का, सुख शांति का ही अनुभव है
इसमें न तो देना शरीर को कष्ट, और न ही है कोई मोह
न तो बनना पंडित, और न ही कसना मन बुद्धि को

बस याद कर ले पूज्य गुरुदेव का महा रत्न दिन-रात
हो जाये सफल तेरा मनुष्य जीवन, बन असंगी, अकर्ता
इस संसार में कोई ताकत नहीं, कर सके वो तुझे दुखी
तू तो स्वयं ही है चिदानंदी, ज्ञानस्वरुपी, मोक्षस्वरूप

❃❃❃

# पूज्य श्री गुरुदेव का दिया दूजा रत्न

दूजा महा रत्न है पूज्य गुरुदेव का: क्रमबद्ध पर्याय
जो द्रव्य की, जो पर्याय, जिस समय, जिस क्षेत्र में
जिस विधि से, जैसी होती है, इसमें नरेन्द्र और
जिनेन्द्र भी कुछ फेरफार नहीं कर सकते

इस दुनिया के छह द्रव्य, स्वयं की ही शक्ति से
स्वयं में ही, स्वतंत्रता से परिणमन कर रहे हैं
मैं ज्ञायक जीव का भी भिन्न भिन्न अवस्थाओं में
परिणमन मेरे ही पर्यायों में, मुझ शक्ति से होता है

अब पर्यायें बदलती रहें उससे भी मुझे क्या करना
मैं जीव ध्रुव अचल, अडोल, स्थिर मेरी ही अनंत
शक्तियों से सुशोभित स्वयं में ही परिपूर्ण हूं
पर्यायें रहें एवं बदलें, मैं मुझमें ही परिपूर्ण हूं

मेरा स्वयं का परिपूर्ण वीतराग ज्ञान ही तो मुझे बता रहा है
तू चैतन्य राजा सभी अन्य द्रव्यों का ज्ञाता
सारे द्रव्यों के परिणमन का भी ज्ञाता, और
स्वयं को, स्वयं में, स्वयं से ही परिणमते जान रहा है न

ऐसा वीतरागी, सर्वज्ञ, ज्ञानस्वरूप मैं यह देखते जानते कि
सभी स्वयं में ही, स्वयं से ही परिणम रहे हैं
तो फिर कुछ फेरफार का विचार भी कैसा?
यह महारत्न ही मेरा स्वयं का ज्ञानस्वरूप ही है न

वीतरागी निर्ग्रन्थ गुरु, मैं इस मनुष्य पर्याय में तेरा
अनंत उपकारी. तूने ही तो मुझे जगाया और बताया मेरा
स्वयं का भूला सर्वज्ञ चिदानंदी,अकर्ता, शाश्वत स्वरूप
धन्य गुरु, धन्य वीतरागी जिन स्वरूप, धन्य मेरी वीतरागता!

❃ ❃ ❃

# पूज्य श्री गुरुदेव का दिया तीजा रत्न

तीजा महा रत्न: उत्पाद, व्यय, ध्रुव की स्वतंत्रता
उत्पाद, ध्रुव एवं व्यय की अपेक्षा ही नहीं रखता
व्यय, ध्रुव एवं उत्पाद की भी अपेक्षा नहीं रखता
और ध्रुव, उत्पाद एवं व्यय की अपेक्षा नहीं रखता

तीनों पूर्णता से ही, निरपेक्ष ही परिणमते हैं
यही तो मेरा स्वयं का पूर्ण रूप से परिणमता ज्ञान ही है
कैसे तो निकलता मैं निगोद से एवं वही जीव जो था निगोद में,
परिणम जाता स्वयं की ही सिद्ध दशा में

इस महा रत्न पर कई पंडित एवं ज्ञानी भी
कभी कभी खा जाते मात, पूज्य गुरुदेव ही,
भावी तीर्थंकर ही, हम शिष्यों को समझा सके यह बात
कहते हैं गुरुदेव याद रख तू ही है प्रभु कभी नहीं निगोद का जीव

यही तो गुरुदेव का नाद है, गूंजता इन कानों में,
जीव तेरी सारी की सारी बाह्य अवस्थायें, पर्यायें,
तो तुझसे हैं भिन्न, एवं परिणम रहीं स्वयं के ही षटकारक से,
तू तो पूर्ण चिदानंदी, ज्ञानस्वरूप, मोक्षस्वरूप

पर्यायें होती हैं, तेरी ही हैं. उत्पाद हो, तो व्यय ही
होने के लिये, इन्हीं पर्यायों से ही तो तू घूमा सारा
संसार है, और तूने भ्रम किया सुखी–दु:खी होने का
तू तो हमेशा ही पूर्ण, निरपेक्ष, स्वतंत्र ध्रुव ज्ञायक है

यह पर्यायें क्रमसे ही आ, सिमट जायें तुझमें
बस तू तो चैतन्य राजा, ज्ञायक, जानता ही सभी को
तू तीनों लोकका नाथ, स्वयं ही सर्वज्ञ ज्ञाता द्रष्टा,
जाने तू तो सबको, और परिणमे सभी स्वयं के क्रम से

❋❋❋

# पूज्य श्री गुरुदेव का दिया चौथा रत्न

चौथा महा रत्न है गुरुदेव का, कि निमित्त होते हैं
अवश्य, पर कर सकते कुछ भी नहीं. निमित्तों की
हाजरी बगैर भी कुछ होता ही नहीं, एवं निमित्त
कभी भी, कहां भी,कुछ भी कर सकते ही नहीं

संसार बना छ द्रव्यों का, सारे के सारे अनंत जीव और
अनंतानंत पुद्गल खुद खुद के ही उपादान से इस लोक में
परिणमते ही रहते हैं. स्वयं ही खुद का सिद्धपना भी स्वयं
के ही उपादान से पाते हैं. मैं जीव ज्ञायक ही जान सकता हूं

अभी मेरा प्रगट ज्ञान है अल्पज्ञ, मेरे अनंत पुण्यों से मुझे
गुरुदेव जैसे सर्वोत्कृष्ठ निमित्त हैं मिले, मुझ सर्वज्ञ को मेरी
ही मूर्छा से जगा रहे हैं. निमित्त कह रहे हैं, शिष्य छोड़
मुझे, स्वयं के उपादान में तू जा, वहीं पर है तू स्वयं पूर्ण

जब गुरुदेव ने कहा स्वयं में ही, स्वयं से ही, स्वयं में जा.
तो शिष्य कहे, ये सारे दुनिया के निमित्तों का क्या? यह
घर, शरीर, संबंध, धन-दौलत किसी भी काम के ही नहीं
ये सब तो दु:खकारी, क्षणिक, मैं तो स्वयं में ही हूं शाश्वत

इसी तरह इस संसार से होते सारे शुभाशुभ भाव मेरे नहीं
वे होवें मुझ में, पर मेरे नहीं, मैं तो स्वयं ही, स्वयं से ही
परमपारिणामिक, अडोल. नित्य, ज्ञानानंद निज भाव ही हूं
शुद्ध चैतन्य, शांतिमय, निमित्तोंसे परे, निज उपादान ही हूं

❋❋❋

# पूज्य श्री गुरुदेव का दिया पाँचवा रत्न

गुरुदेव का पांचवा रत्न था कि इसमें धर्म कहां ?
जो परिणाम स्वतंत्रता से पर तरफ झुका है वही
परिणाम स्वतंत्रता से स्व तरफ झुके तो धर्म की
दशा प्रगट हो जाये. देखो तो गुरुदेव का कमाल

कर दिया आज मुझे तो मालामाल, बता दिया कि
मैं तो स्वयं ही शुद्ध–बुद्ध परिपूर्ण मोक्षस्वरूप ही हूं
अब पर्याय में प्रगट अनुभव स्वतंत्रता से ही होगा
दशा तो अवश्य प्रगट ही होगी और मैं स्वयं ही

मेरे स्वयं के उपादान ज्ञान में ही अहं करूंगा
मैं हूं अकर्ता, असंगी, अपरिणामी, अडोल
गुरुदेव के बताये एक नहीं पांचों रत्नों
पर दिन–रात ध्यान कर मेरे स्वयं में ही झांकुंगा

यह पांचों रत्न मुझ भटके, भूले शिष्य को स्वयं का
निज घर, निज ज्ञान स्वभाव, निज वैभव का ही भान
कराते हैं, आगे कहते हैं शिष्य भटकना छोड़, तू स्वयं
ही स्वयं का साधन है, साध्य है, स्वयं ही है ध्येय

स्वयं ही है ज्ञान, ज्ञाता एवं सारे के सारे ज्ञेय भी
तू स्वयं ही स्वयं को पायेगा और निज निधियों में
ही सदा के लिये सुख-शांतिमय ही जानेगा. धन्य है
स्वयं का उपादान, स्वयं से, सारे निमित्तों से स्वतंत्र

अब इस शरीर का गुलाम तो क्या, हूं तो पूर्ण मुक्त

❋❋❋

# प्रीत

प्रीत है मेरी मैंने छुपाई, ऐसी दबाई कि पहचानी भी न जाइ
पहले छुपाई माँ के आंचल में, मैंने फिर छुपाई घरबार ही में
माँ बाप लगे प्यारे और लगे प्यारे भाई बहन भी
जैसे जैसे समय बीता दोस्त बंधु भी लगे मुझे प्यारे

ऐसे भी तो पल हैं आये कि माँ बाप से भी ज्यादा कहीं
दोस्त बंधु लग गये मुझे प्यारे, देखो तो अब कैसे
मैंने मेरी ही प्रीत छुपाई और दबा ली इन बदलते ही
रंगों में, रिश्तों में, संबंधों में, राग के इन भावों में

और भी समय जो निकला प्रीत के संबंध भी बन
ही गये मजबूत, राग भी मेरा हुआ गहरा, प्रीत बनी
पति–पत्नी की और बाल–बच्चों की और अब तो
ऐसा ही लगे, यह प्रीत है मेरी सदा के लिये

कितनी थी मैं गलत इसका भी ख्याल अवश्य ही आया
अच्छा सच्चा दोस्त बनकर, एक सद्‌गुरू का संदेश आया
जूठ सच का राज़ भी समझा, संबंधों में क्या है सच्चा
और क्या है माया यह भी तो कुछ समझ में आया

अब दिखी सच्ची प्रीत है कैसी और इस हसने रोने के
पीछे शाश्वत ऐसा शुद्ध आनंद और शांति भी है क्या
मेरा खुदका अटूट, अलौकिक, अनुपम संबंध है क्या
मैं तो मुझमें ही हूं पूर्ण मुझसे ही है प्रीत और संबंध भी

मुझमें ही मेरा निजपद मिल गया, शाश्वत पद भी
निज भावों में ही प्रगटा ज्ञायक आनंद भाव भी
झर गये वे सारे जूठे संबंध, खिल उठा अंतर कमल
शांति के झरने झरे, महक उठी मेरी शाश्वत प्रीत भी

❃❃❃

# प्रेम

जैन दर्शन प्रेम का दर्शन है, गुरू शिष्य से पूछते हैं
तूने कभी भी किससे, खुद से भी अधिक, ज्यादा प्यार किया है ?
शिष्य कहता है मैं किसीको भी बताता नहीं, पर मैंने मेरी भेंस से प्रेम किया है

तो गुरू कहते हैं, बस तो फिर सब ठीक है,
तू तेरे आत्म तत्व को भी पा सकता है. तू जैन, विजयी बन सकता है
बस तुझे प्रेम अक्षर का सिर्फ ज्ञान ही नहीं, क्रिया ही नहीं

उसका अंतरंग में अनुभव है, तूने प्रेम किया है
तेरा प्रेम सिर्फ ज्ञान, क्रिया और वासनाओं से घिरा है
सच्चा प्रेम अंधा है, अंतर में, स्वच्छ, शुद्ध है, अपेक्षाओं के बगैर, स्वयं में ही परिपूर्ण है

तो बस तू तो तुझ में ही बिराजमान ऐसे आत्मतत्त्व से प्रेम कर ले
यहां आनंद ही आनंद है देह की अपेक्षा छोड़, देह में तो दुख ही दुख है
अनित्य है, रोग है, राग है, द्वेष है, कषायों से भरपूर है

तेरे प्रेम को तू गुरूओं का आकार दे, तीर्थंकरों की मूर्तियों का आकार दे
बस उनका सच्चा प्रेमी बन वहां तर्क–वितर्क नहीं, कहां, कैसे, क्यों भी नहीं
मैं और तू भी नहीं, बस प्रेम ही है न्यारा

दुलारा, अतीन्द्रिय, समाया न जाय, ऐसा प्रेम ही है, प्रेम में ही डूब
प्रेम में इष्ट–अनिष्ट भी नहीं, ऐसे प्रेम को दुनिया तो समझे नहीं
वो तो भजन गाये पर मीरा और तुलसी जैसा प्रेम न करे

बस तू तो प्रेम में पड़ जा, प्रेम ही कर ले, सभी प्रश्न समाधान होते हैं
प्रेम में दुनिया भले आंसू देखे, पर आनंद ही आनंद का अनुभव है प्रेम में
निर्विकल्प, निराकारी, शुद्ध, बुद्ध, है ये प्रेम

प्रेम ही है कृष्ण, बुध्ध, महावीर या राम, प्रेम ही है परिपूर्ण आत्म तत्त्व
प्रेम ही है भजन, पूजन, स्वाध्याय या पाठ
प्रेम में ही, प्रेमी और मेरा प्रेम ऐसा विभाग ही नहीं

प्रेम ही गुण है, शक्ति है, शुद्ध साधन भी यही है
सच्चे प्रेम में राग नहीं, द्वेष नहीं, उसमें तो
सारे रंग मिल सफेद चांदनी ही है, प्रेम ही पूजा, प्रेम ही पूज्य, प्रेम ही शरणा है

प्रेमी को तू जान ले, छु ले, पूजा, अभिषेक भी कर ले
लेकिन यदि तू प्यार नहीं करता, स्वयं प्रेमी नहीं बनता, तो तू जैन नहीं बनता
विजयी नहीं बनता. बस सबको छोड़ या पकड़, बस तू तो प्रेमी ही बन

❃ ❃ ❃

# बॉल ऑन द वाल

आज की एक बात बताऊं मैं, मेरा ही एक ख्याल बताऊं मैं
रहती हूं मैं टेनिस कोर्ट्स के सामने, सभी कहते हैं कि खेल तू टेनिस
मैंने भी एक टीचर ढूंढा और खेलने लगी मैं टेनिस

आज के दिन बादल घिरे थे, धूप बिलकुल भी नहीं थी
गयी मैं टेनिस की प्रेक्टिस के लिए,
अकेली थी मैं, और खेलने लगी मैं दिवाल के साथ

बॉल को रेकेट के साथ पूरा स्विंग कर फेंकूं मैं दिवाल पर
वापिस आये, और फिर मैं फेंकूं
दाएं से फेंकूं, बाएं से फेंकूं, फेंकूं मैं पूरे जोर शोर से

फिर विचार चला कि करती आई मैं, यही तो भव भावान्तर से
जन्मो जनम से बॉल हैं फेंकें, अपने कर्मों के निमित्त से
कर्मों को ही सब कुछ माना उसी में रचपच कर

फेंकें मैंने बॉल दाएं से और बाएं से,
खुश हुइ यदि बॉल जैसा चाहा था वैसा ही पड़ा
दुखी हुइ या हुइ नाराज यदि बॉल वैसा ही नहीं पड़ा

भ्रम है मुझे कि मैं सीखने चली, कहो क्या तो मैं सीखने चली ?
मिला है ये रेकेट, ये टेनिस बॉल, ये टेनिस कोर्ट
मिले हैं ये हाथ और शरीर, सभी कर्मों से

क्या मैं कर्मों की कठपुतली हूं ? क्या मैं यही सीखने जन्मी हूं ?
नहीं, मैं तो पुरुष हूं, पुरुष हूं, मैं तो आत्मा हूं आत्मा हूं
मैं तो आत्मचिंतन ही करूंगी

टेनिस क्या, और बॉल क्या, मेरे भवों को भी निहारूंगी
जौर से मारुं, दाएं से मारुं, बाएं से मारुं, पूरी ही हिम्मत से मारुं
बॉल को ही निहारते निहारते शुद्ध चैतन्य आत्मा को निहारूं

एक दिन ये बॉल भी चला जायेगा, कर्मों का खेल भी ख़तम हो जाएगा
मैं तो स्वतंत्र, स्वआनंद में झूलूंगी
दायां क्या और बायां क्या, सीधे ही सिद्ध बन जाउंगी

❃❃❃

# मिथ्यात्व का विस्फोट

पहाडों को बनते सालों, अरसों लगते हैं, तभी वे इतने बड़े प्रभावशाली शक्तिशाली पहाड़ बन पाते हैं अपना मिथ्यात्व, आत्मा का उल्टा गलत ज्ञान भी अरसों पुराना है जैसे कि अनादि का ही हो. हम इस लोकालोक में परिभ्रमण करते करते इतने अरसों से निज आत्मा को, असली खुद को इस संसार के रंगों में, इन्द्रियों के विषयों में ऐसे तो भूल गये हें कि जैसे मिथ्यात्व का पहाड़ ही बना लिया हो

स्वयं जीव का गलत ज्ञान, क्या है मेरा–पराया भूल जाना, सारे अजीव द्रव्यों को अपना मान उनमें ही दुखी–सुखी होना, शरीर और शरीर के संबंधों को अपना मानना जैसे ये सारे पत्थर एक दूसरे से जुड़ ऐसे तो शक्तिशाली पहाड़ बना देते हैं कि मैं, मेरा सच्चा स्वरूप इस पहाड़ में दिखा ही नहीं देता जाना ही नहीं जाता

पहाड़ में से उपयोग में ला सकें ऐसे पत्थर चाहियें तो हम पहाडों में सुरंग लगा विस्फोट कर देते हैं. गुरु कहते हैं, हमारा जिनशासन कहता है, हमारे शास्त्र कहते हैं आत्मार्थी, यदि तुझे तेरा निज पद ढूंढ निकालना है, तेरे चिदानंदी, शुद्ध स्वरूपी को पहचानना है तो फिर तू भी भेद विज्ञान की सुरंग लगा इस मिथ्यात्व के पहाड़ का विस्फोट कर डाल, सारी जूठी मान्यताओं को बिखेर डाल,अपने निज से अलग ही हैं, दूर कर डाल. यही तेरी सच्ची तपस्या है, तेरा तप है, तेरी पूजा है. पंचपरमेष्ठियों ने अपना सबसे बड़ा दोष इसीको बताया है, और कहा है, तू पहले मिथ्यात्व को ही दूर कर, दूर कर

फिर आत्मार्थी अपने मार्ग में आगे बढ़ सकेगा,जिनशासन कायरों का नहीं, क्षत्रियों का है, सारे तीर्थंकर क्षत्रिय कुल में ही जन्म लेते हें. आत्मार्थी, तू तो निडर बन, निर्भयता से इस मिथ्यात्व का विस्फोट कर डाल, विस्फोट कर डाल

# मिथ्यात्व

मेरा भी एक बगीचा है. बहुत ही हरा फला, फूला, इतना सुन्दर, लोभायमान
खुशबू और रंगोंसे भरपूर. उसमें वीड्स नहीं चाहिये, नही अच्छे लगें
पौधों के बीचबीचमें आ ही जाते हैं. उनको में निकाल डालूं, और निकालूं भी
तो जड से, नहीं तो आ ही जाते हैं. मेरे पूरे बगीचे को घेर लेते हैं, मेरे मनचाहे
पौधोंको फलने, फूलने नहीं देते, मेरे मनचाहे पौधोंसे पानी धूप
मिट्टीकी खुराक, सभी छीन लेते हैं, छीन लेते हैं

कहीं मेरा मन चाहा पौधा सूख न जाये, मर न जाये इसीलिये मैं तो
ओजार लेकर रोज रोज सुबह शाम इन वीड्सको, निकालने का प्रयास करती हूं
एकदिन यदि एक दिन मैं व्यस्त हो गई तो दूसरे दिन तो जैसे दुगना
नहीं, चारगुना नहीं, चालीसगुना काम लगता है

मेरे बगीचे में वीड्स न हों इसके लिए तो जब मेरे मनचाहे पौधोंको बोउं
उससे पहले भी मिट्टी के उपर एक मोटा प्लास्टिक डाल देती हूं. मिट्टीमें ऐसा
मिश्रण डालती हूं जो वीड्सको न दे उगने पर मेरे मनचाहे पौधोंको उगने दे
उसे बड़ा होने दे. फिरभी मुझे सुबह शाम बगीचे में जाकर सारे वीड्स निकालने
पड़ते हैं. सभी ओरसे जड़ से निकालने पड़ते हैं

तब गुरु कहते हें यदि तुझे मिथ्यात्व दूर करना है, सच्चा मुमुक्षु आत्मार्थी बनना
है तो इस मिथ्यात्वको पलने न दे. इसे तो तू जड़से निकाल. ये तो फिर उग
ही आयेगा. यहां-वहां, खयालोंमें, विचारोंमें, फिर पांच इन्द्रियोंकी क्रियाओं में
उग ही आयेगा, उग ही आयेगा

तू तो भक्ति, ज्ञान, स्वाध्याय, गुरुउपदेश, आज्ञा, सारेके सारे ओजार ले
दिन और रात इसीमें लग जा. गुरुओंने इसे निकाल भगाया है, तू भी अवश्य
कर सकेगा. इसी श्रद्धा धीरज से तू तो पीछे लग जा, तेरा पुरुषार्थ कर ले
तेरा स्वयंका पद, तेरा खुदका नित्य, चिदानंदी पौधा तेरी ही खुद की बगिया में
फूल उठेगा, महक उठेगा

❃❃❃

# मुक्त जीव और पुद्गल

मैं ही मेरी ही मिथ्यामान्यताओं का कैदी
और यह शरीर संबंध ही मेरी जैल
वैसे तो मैं चैतन्य सदा से ही मुक्त
और जैल रूप पुद्गल भी तो मुक्त

मुझ कैदी ने ही स्वयं को कैदी समझा
क्या मैं इस कैद में ही स्वयं को स्वतंत्र
मान, जान, पहचान, समझ सकता
मुक्त ही प्रतीत एवं अनुभव कर सकता

मैं कैदी भी मुक्त और जैल भी मुक्त
मैं संसारी और जैल सारी ही पुद्गल
मैं मेरे क्रम में और पुद्गल स्वयं के ही
क्रम में जैसा केवली गम्य, परिणमता

वास्तव में तो मैं कभी कैदी बना नहीं
और जैल भी कभी थी ही नहीं, अरे यह
सारी मेरी मिथ्या कल्पना ही थी और
अब तो हम स्वतंत्र हैं, थे, और रहेंगे

परिणमता संसारी कैदी और जैल है संबंध
मुक्त सिद्ध अवस्था चैतन्य ही परिपूर्ण
पुद्‌गल भी स्वयं मे ही परिपूर्ण और
इस तरह जीव और पुद्‌गल दोनों स्वतंत्र

❃❃❃

# मैं तुझमें तू ही मुझमें

हे पंचपरमेष्ठी तू ही मेरा संग है, पूज्य भी है
तुझमें ही मेरा रूप है, तुझमें ही मैं जणाता हूं
तुझे देखते, तुझे ही पूजते ही मुझे मेरा ही
तुझमें प्रतिभास होता है, मुझ चैतन्य अनंत
गुणों सहित ही मेरा ही स्वरूप मुझे जणाता है

हे पंचपरमेष्ठी तुझ ही को इस संसार से मुक्त
पुद्‌गलों से भिन्न और अप्रभावित देखकर
मैं भी मुझको इस संसार से मुक्त और सारे
संयोगी पुद्‌गलों से भी मुक्त देख पाती हूं
तुझे पुद्‌गलों से अप्रभावित देख प्रभावित हो जाती हूं

हे पंचपरमेष्ठी तेरा सौम्य, अपरिणामी, स्थिर रूप
देख ही मुझमें भी ऐसी ही शक्ति है, जानती हूं
इसी शक्ति को जान, मान, पहचान में भी
मुझे ही सारे पुद्‌गलों से अप्रभावित करती हूं
मुझ अमर्यादित शक्ति का भी भान करती हूं

हे पंचपरमेष्ठी तेरा सौम्य, अपरिणामी, स्थिर रूप
ही मुझे भी मेरा अपरिणामी स्थिर रूप दिखाता है
वही परिणमता ज्ञान इस अज्ञान को भी जानता है
देखता है, तभी तो मैं इस अज्ञान रूप को मुझ
से भिन्न जान मान स्वयं में ही ठहर सकता हूं

हे पंचपरमेष्ठी तभी मैं भी मेरा खुदका सौम्य रूप
जान, मान, पहचान मेरे तेरे ही संग से धीरे धीरे
पूर्ण तय तेरे जैसे ही ज्ञानमय ज्ञायक भावरूप
औदायिक, क्षयोपशम, उपशम, क्षायिक से भिन्न
ही परमपारिणामिक भाव स्वरूप हो लेता हूं

❋❋❋

# मैं हूं मुझ में

मैं हूं मुझ में पूरा, कैसे बनूं मैं तेरा, तेरा
तू है तुझ में पूरा, क्यों बनूं मैं तेरा, तेरा
मैं ही जानूं तुझको मुझको मैं जाननहारा
मैं हूं मुझ में पूरा, कैसे बनूं मैं तेरा, तेरा

मैं जिया तेरे लिये, है तो मेरा पागलपन
मैं पागलपन कर ही अनादिसे बना रोगी
मैं हूं मैं, तू तो मेरा संयोग, नहीं हैं एक
जैसे दूध न बनता पानी, पानी न बने दूध
मैं हूं मुझ में पूरा, कैसे बनूं मैं तेरा, तेरा

मैं दुखी हो लेता, जब स्वभाव से सुखमय
मैं अकर्त्ता, करने का, अंजाम ही दुखमय
मैं मुझमें शाश्वत, तू है तुझमें, यही जान
मैं मेरे स्वभाव में रहता त्रिकाली सुखमय
मैं हूं मुझ में पूरा, कैसे बनूं मैं तेरा, तेरा

मेरे गुण हैं मुझमें, तेरे सारे गुण तुझमें
मेरे गुण तो अनंत, जानूं देखूं ही मुख्य
तेरे रस, वर्ण, गंध, स्पर्श, कितने हैं भिन्न
मैं अरूपी, तू रूपी, साथी बने संयोग से
मैं हूं मुझ में पूरा, कैसे बनूं मैं तेरा, तेरा

मैं करूं मेरा, तू तेरा, दोनों हैं स्वाधीन
कैसे मैंने माना कि तू हो सके मेरा
मैं अकेला अयोगी, यही भाव कर्ता – हर्ता के
बना रहे मुझे ही तेरा संयोगी और संसारी
मैं हूं मुझ में पूरा, कैसे बनूं मैं तेरा, तेरा

मुझे गुरू ने मेरी ही मूर्छा से है उठाया
स्वरूप बता मेरा ही विवेक है जगाया
मैं हूं अडोल, अपरिणामी, निश्चिन्त, निर्भार
शांत सुखमय ज्ञानानंदी यही है बताया
मैं हूं मुझ में पूरा, कैसे बनूं मैं तेरा, तेरा

# मैंने मुझ से प्यार किया है जितना

मैंने मुझसे प्यार किया है जितना, कौन करेगा इतना, कौन करेगा इतना

मेरा चैतन्य ज्ञानमय है अलग ही, मेरी सांसों और धडकनों से
मेरे अंतर का सब कुछ मेरा, मुझमें होते मेरे ही हैं भाव सारे
मैंने मुझसे प्यार किया है जितना, कौन करेगा इतना, कौन करेगा इतना

मैं ही मेरा वैद्य, और वेदुं भी मुझको ही, दवाई भी तो हूं मैं मेरी
मैं तो मुझमें ही सम्पूर्ण, मुझसे ही मैं हूं मुझ में, मुझसे, मेरा ही
मैंने मुझसे प्यार किया है जितना, कौन करेगा इतना, कौन करेगा इतना

मैं ही मेरा ज्ञान मुझे ही तो जानता, मुझमें होती हर हलचल को पहचानता
मेरा सुख भी मुझमें और है दुख भी मुझमें, होता सुखाभास भी मुझमें
मैंने मुझसे प्यार किया है जितना, कौन करेगा इतना, कौन करेगा इतना

बाहर से हूं उदास पर अंतर है उमड़ता, अनंत में छिपा एक ही है दिखता
कुछ भी करूं नहीं, कुछ करने को नहीं है दिखता, बस जानता ही जानता
मैंने मुझसे प्यार किया है जितना, कौन करेगा इतना, कौन करेगा इतना

बाहर से कुछ होता है, अंतर में तो कुछ का कुछ हो ही जाता है
मैं तो अंतर, बाहर जैसा हूं, वैसा ही तो एक ही दिखाता हूं
मैंने मुझसे प्यार किया है जितना, कौन करेगा इतना, कौन करेगा इतना

बाहर सब कुछ क्रमबद्ध है, अंतर में तो अक्रम ही उल्लास है
मैं एक बाहर–अंतर, क्रम–अक्रम अनुभवता एक ही तो जीव हूं
मैंने मुझसे प्यार किया है जितना, कौन करेगा इतना, कौन करेगा इतना

मेरे अंतर में कोई भी डर नहीं और नहीं है मुझे किसीकी चिंता
मैं शांति से हूं भरपूर और हूं प्रेम की एक अखंड धारा
मैंने मुझसे प्यार किया है जितना, कौन करेगा इतना, कौन करेगा इतना

❋❋❋

# यह ६० साल बिताये हैं किसने?

This poem is to remind us the truth we have forgotten and are trying very hard to remember. Realize our own eternal, blissful true nature.

यह ६० साल बिताये हैं किसने? इस जीव ने या शरीर ने?
इन ६० सालों की पुरानी यादों के यह ६० लिफाफे? क्या
एक एक लिफाफा इस शरीर की और इस शरीर के ही सम्बन्धों
की यादों को ताजा करने, यादों में डूबने ही इकठ्ठे किये गये हैं?

परन्तु क्या ये यादें अब ताजा हो सकेंगी? मुझे ही, मेरे ही
शरीर की इस यात्रा की ये यादें, मुझे ही पहचान सकेंगी?
आज मुझ जीव को तो यह सब कुछ अलग, भिन्न, पृथक् ही
लग रहा है. जैसे कि इन यादों में मैं ही नहीं! ये मेरी भी नहीं

मेरी याददास्त को कुछ भी नहीं हुआ. यह सारी घटनाएं भी तो
बिलकुल सच ही हैं. इन यादों में दिखलाये संबंधो? इनको ही
अब मैं कुछ अलग जान गया हूं, छिपे त्रिकाल सत को जान गया हूं
मैं जीव तो कभी भी बदला ही नहीं, सब जानता ही रहा हूं?

देखो मैं साठ साल का नहीं, कुछ तो गलती हो गई है? यह तो
शरीर ही हैं. मैं कोई भी संबंधों से बंधा भी नहीं. मैं तो स्वतंत्र,
परिपूर्ण,शांतिमय, आनंदमय, वीर्यवान ही हूं. देखो जो गया सो गया
मैं जीव अजर, अमर, अविनाशी,अयोगी, अबद्ध, ज्ञानानंद ही हूं.

# संगीत की महफिल

संगीत की महफिल जमी थी बहुत सारे कलाकार एकत्रित हुए थे, तबलों के ताल थे,
सितारों के सुर, हारमोनियम की धुन और कलाकारों की मधुर आवाज़
हाथ और उंगलियां तो तबलों पर नृत्य ही कर रही थीं

महफिल रंगीन थी, कानों को मधुर लग रही थी, वातावरण सुरों से भरा
कलाकारों के राग से रंग गया था, थोड़ी देर तो मैं भी इसी में रंग गयी
फिर विचार चला कि कैसे यह महफिल बनी?

जैन दर्शन तो कहता है कि सारे द्रव्य स्वयं के गुणों और पर्यायों से
युक्त खुद में, खुद से ही है कोई द्रव्य या द्रव्य का परमाणु भी किसी ओर के लिए
कभी भी कुछ भी नहीं कर सकता तो फिर  कैसे यह महफिल मुमकिन है ?
ये सारे वाजिंत्र, ये हाथ, उंगलियां, आवाज, सभी तो अलग अलग परमाणुओं से बने पुद्‌गल हैं उंगलियां या
हाथ तबला बजाना तो क्या उसे छूते तक नहीं सभी स्वयंमें स्वतंत्र हैं

मैं चैतन्य जान रही हूं, यह भी तो हम व्यवहार से कहते हैं,
वास्तव में तो मैं चैतन्य खुद को ही जान सकती हूं और ये सारे पर ज्ञेय तो मेरे ज्ञान में
आ जाते हैं. ज्ञेय हैं इसलिए नहीं ये तो ज्ञान की ही विशेषता है

तभी ऐसा लगा कि इसी तरह ही ये सारा संसार भी तो चल रहा है न
इसका न कोई कर्ता और न कोई संचालक, सारे द्रव्य स्वयंमें स्वयंसे स्वयंके ही गुण परिणमन करते हैं और
इन निमित्त – नैमित्तिक संबंधों से यह संसार अपने आप ही चल रहा है

संसार में राग है, रंग है, क्षमा है, क्रोध है, कलियां हैं, और हैं फूल. रात के बाद सबेरा,
ठंडी के बाद वसंत ऋतु और संसार तो जारी ही है. सारा संसार महफिल की तरह स्वयं ही चलता रहता है.
इस सब बीच मैं तो चैतन्य ज्ञान स्वरूप स्वतंत्र हूं, जाननहार हूं स्वयं से ही हूं

आज मुझे अकर्तापने का, द्रव्य की स्वतंत्रता का और सारे द्रव्यों की परिणमनशीलता का
जैसे प्रत्यक्ष ही अनुभव हुआ. आंखों के सामने जैसे सभी वाजिंत्र बज रहे हैं,
सुर है और ताल है फिर भी सभी स्वतंत्र रूप से परिणमन करते हुए भी संगीत भी है

ऐसे ही छ द्रव्यों से ये पूरा संसार है इसमें न कोई इष्ट न अनिष्ट, न छोटा न बड़ा,
और नहीं कोई किसीका. सारे द्रव्य स्वयं से,स्वयं में, गुणों से युक्त स्वतंत्र और मैं
जीव चैतन्य भी स्वतंत्र, ज्ञानस्वरूप चिदानंदी ही हूं

❃ ❃ ❃

# सत्य

गांधीजी की सत्य की परिभाषा और सभी लोगों से ज्यादा गहन थी
सच बोलना, सुनना, और सत्य ही देखना. दूसरे की चीज हम लें और
हमारी चीज कोई दूसरा ले, उन्हें मंजूर नहीं था. इसीलिये सत्य के बल
पर तो उन्होंने पूरी लड़ाई जीती. पूरे हिदुस्तान को स्वतंत्र किया

अंग्रेज हमारे ही घर में हमें गुलाम बनाएं, हमारा आपस में ही झगड़ा करा
हमें कमजोर कर डालें, ये उन्हें दिखाई दिया, इसीलिये वो एक लंगोटी पहन
उन्हें कह सके कि हम हमारे ही घर में इस तरह गुलाम नहीं बनेंगे
हम तुम्हारे बनाये कपड़े, तुम्हारी भाषा,संस्कृति को जानेंगे परन्तु अपनायेंगे नहीं

आत्मा का धर्म,जिनशासन भी हमें सच्चाई से रहने और स्वयं की स्वतंत्रता समझाता है
मेरी तो शुद्ध, चिदानंदी, ज्ञानस्वरुपी आत्मा है.बाकी तो सब ही मेरे नहीं
दूसरों का पैसा, जायदाद, चीजें हमारी नहीं और उनके बारे में सोचना भी गलत ही है
दूसरों की चीजों के भावों में, विचारों में मैं कैसे मग्न हो सकता हूं?

जैसे गांधीजी ने अंग्रेजों को पराया समझा वैसे ही जैन मुनि भी सारे
परके भावों को भी पराया समझते हैं एवं मानते भी हैं.
वे तो खुद में ही,खुद से ही पूरी स्वतंत्रता से जीते हैं और इसीलिए
पूर्ण स्वतंत्र पद, मोक्ष पद, एवं सदा के लिये परम आनंद को पाते हैं

अब सोचेंगे, ये कैसी बात है, खुदका शरीर भी पराया, तो जियें ही कैसे?
जब गांधीजी ने पहले पहल भारत आकर भारतीयों को कहा कि अपन
तो अपने ही घर में कैद हैं, तो सभी को लगा कि अभी–अभी बाहर से
आया जवान क्या तो कह रहा है. धीरे धीरे भारतीय समझे

इसी तरह हमारे मुनि, आचार्यों की बातें यदि हम विचारें गहनता से
उनकी महत्ता समझें तो हमें समझ आयेगा कि कैसे हमारे आत्मा को
हमने, हमारे ही शरीर में, पर भावों, शुभाशुभ भावों में कैद कर रखा है
उसकी स्वतंत्रता पर उसके निज स्वभाव पर जंजीरें पहनाई हैं

जैसे गांधीजी सत्य के बल से निर्भय थे, वैसे ही जैन मुनि भी निर्भय
निडर, अडोल होते हैं. उन्हें यह दुनिया प्रभावित नहीं करती
गांधी की अहिंसक लड़ाई दुनिया के लिये एक मिसाल थी
हमारे मुनियों का आत्म पुरुषार्थ मानवता को सत के अनुभव के लिये एक चुनौती है

मानतुंग आचार्य को मान्यतायें बदलना भी कैद जैसा लगा. राजा आचार्य को
जंजीरों से बंधवाते हैं, और आचार्य स्वयं की आत्म शक्ति से सारी जंजीरों
को एक एक कर ऐसी तोड़ते हैं कि राजा और प्रजा आश्चर्य को पाते हैं

❃❃❃

# स्वीकार

मेरे भूतकाल में जो कुछ भी हुआ, जभी हुआ
जैसा भी हुआ, सभीका स्वीकार है, स्वीकार है
मुझे मरे हुए भूत से कुछ सीखना नहीं, भूतकाल तो भूत ही है
वो गया, जैसा था मुझे स्वीकार है

कल के सपनें मुझे देखने नहीं, इस संसार में, मेरे शरीर में
मेरे शरीर के सारे संबंधों में, कल क्या होगा?
कैसे होगा? मुझे मालूम करना नहीं
मैं उसमें कहीं भी कुछ कर सकता ही नहीं

हुं पामर शुं करी शकुं अेवो नथी विवेक ?
प्रभु जो भी होगा, जहां भी होगा, जैसा होगा
मुझे स्वीकार है, स्वीकार है, मुझे स्वीकार है
प्रभु इच्छा, कृष्ण लीला, राम लीला, स्वीकार है, स्वीकार है

अब रहता है अभी का समय. इस क्षण
इस समय जो कुछ भी हो रहा है, मैं महसूस तो करता हूं
पर उसमें इष्ट-अनिष्ट, अच्छा-बुरा, सुख-दुख
नहीं देखता. इन भावों को महसूस भी नहीं करता

बस जो हो रहा है, उसमें प्रश्न करे बिना, जैसा हो रहा है
उसका सबका ज्ञाता-द्रष्टा बन मैं तो मेरे
स्वयं अविनाशी आत्म तत्व में ही हूं
उसे ही महसूस कर रहा हूं. उसीमें ही हूं, आत्मा ही हूं

जो भी हो रहा है, स्वीकार है, मैं हूं ज्ञानस्वरूप
जो भी हो रहा है, स्वीकार है, मैं हूं चिदानंदी
जो भी हो रहा है, स्वीकार है, में हूं शांतस्वरूप
जो भी हो रहा है, स्वीकार है, मैं तो सिर्फ एक ज्ञायक ही हूं

मेरे वीर्य से, शक्तिओं से, गुणों से,
मैं मुझको स्वयं को ही टिकाये हुए स्व अनुभव में रहता हूं,
रहता रहूंगा, सदैव ही रहूंगा. सृष्टि स्वीकार, दुनिया स्वीकार,
परिस्थितियां स्वीकार, सब स्वीकार

❃❃❃

જમાનો મારાથી છે, હું જમાનાથી નહીં

શરીર જીવથી છે, જીવ શરીરથી નહીં

હું જીવ છું આ શરીર ને સંસાર તો નહીં

હું જ જાણનાર એ, જાણી શકું છું એ જ

# અંતર મારું

અંતર મારું, અંતર મારું, સૌ સુખોનો દરિયો છે
અંતર મારું નિધિયોનો ભંડાર મારો પોતાનો છે
એ જ મારો પ્રેમ છે, એ જ મારી હુંફ છે, એમાં જ
હું પામું મુજ પ્રેમને, અડોલ એવો આધાર છે

અંતર મારું, અંતર મારું, સૌ સુખોનો દરિયો છે
એ જ મારું સાન્નિધ્ય છે, એ જ મારો સખા છે
હું પામું મુજ મિત્રને, અચલ એવો આધાર છે

અંતર મારું, અંતર મારું, સૌ સુખોનો દરિયો છે
એ જ મારું સર્વસ્વ છે, એ જ મારી પૂંજી છે
હું પામું નિજ ધનને, અક્ષય એવો આધાર છે

અંતર મારું, અંતર મારું, સૌ સુખોનો દરિયો છે
એ જ મારું જ્ઞાન છે, એ જ મારી મન-બુદ્ધિનો પ્રાણ છે
એ તો પોતે જ્ઞાન-સ્વરૂપ એવો આધાર છે

અંતર મારું, અંતર મારું, સૌ સુખોનો દરિયો છે
એ જ મારી શાંતિ છે, એ જ મારો આનંદ છે
હું પામું મુજ શાંતિને, શાંતિમય એવો આધાર છે

અંતર મારું, અંતર મારું, સૌ સુખોનો દરિયો છે
એ જ મારું દર્શન છે, એમાં જ મારું મંગળ છે
હું પામું મારી નિધિયો, એવો અવિનાશી આધાર છે

અંતર મારું, અંતર મારું, સૌ સુખોનો દરિયો છે
અંતર મારું નિધિયોનો ભંડાર મારો પોતાનો છે

* * *

# આત્મા / જીવ

એ મારો છે, ને મારો હતો, મારો જ રહેવાનો છે
એ તો ગુરુઓની અમી દ્રષ્ટિથી ભીંજેલો છે
એ તો વીતરાગી પ્રભુની પૂજાના ભાવોથી ભાવિત છે
એ મારો છે, ને મારો હતો, મારો જ રહેવાનો છે

એ તો ગુરુવાણીથી પ્રભાવિત થઇ એમાં ડૂબ્યો છે
એ તો પરથી ભિન્ન, પરથી અનેરો એવો દ્રવ્ય છે
એ મારો છે, ને મારો હતો, મારો જ રહેવાનો છે

એ તો વીતરાગનો રાગી, ગુરુવાણીનો સાથી છે
પાંચે દ્રવ્યથી ભિન્ન, એ તો પંચ પરમેષ્ઠીમાંય છે
એ મારો છે, ને મારો હતો, મારો જ રહેવાનો છે

એ તો સૌના સંગાથે છે પણ સૌથી અલિપ્ત છે
એ તો સૌનો સાથી પણ પોતામાં જ ગુપ્ત છે
એ મારો છે, ને મારો હતો, મારો જ રહેવાનો છે

એ તો ગુરુના ચરણો, પ્રભુના ચરણોમાં જ છે
ગુરુભક્તિ ને પ્રભુભક્તિનો જ રસીઓ છે
એ મારો છે, ને મારો હતો, મારો જ રહેવાનો છે

એ તો શાંત, રસમય, આનંદી ને સ્વતંત્ર છે,
એ તો નિર્ભય, સુંદર, અવિનાશી એવો રત્ન છે
એ મારો છે, ને મારો હતો, મારો જ રહેવાનો છે

હું એને કેમ ભૂલ્યો, ક્યાં ભૂલ્યો એ આશ્ચર્ય છે,
હવે તો મને જડ્યો ને કદી પણ મારાથી અલગ નથી
એ મારો છે, ને મારો હતો, મારો જ રહેવાનો છે

હું એ છું, ને એ હું છે, એમાં કાંઈ નવાઇ નથી,
હું ને એ બન્ને એકબીજામાં એકમેક છીએ
એ મારો છે, ને મારો હતો, મારો જ રહેવાનો છે

ગુરુવાણીની સાથે, પ્રભુભક્તિનાં સંગાથે, હું જે પામ્યો છું
એ તો સૌ રત્નોથી મુલ્યવાન છે
એ તો ઉષા છે, ઉજીયારો છે, મારો પોતાનો નિજ પદ છે
એ તો ઉષા છે, ઉજીયારો છે, મારો પોતાનો મોક્ષ પદ છે

***

# જુકો પાં વટે આય

**written in Kachchhi language**

જુકો પાંજો વે ને પાં વટે વે ભા હૂજ મિણીથી કુટરો વે
પાંજો ઘર ભલેં નીંઢડો વે ને શરીર ભલેં વડો ન વે
પાંજો કુટુંબ ભલેં વડો વે ને પાંકે મિણીથી વિરાણું ખપે
પાં વટે ભલેં બોરા પૈસા ન વેં ને બારજા ઠાઠમાઠ ન વેં

જુકો પાંજો વે ને પાં વટે વે ભા હૂ જ મિણીથી કુટરો વે
પાંમેં ભલેં ખામીયું વેં ને મિણીકિ પાં સારા પણ ન લગું
પાં વરી ભણેલા પણ ન વોં ને ભલે ન જાણું સાસ્તર પણ
પાં બોરા ફિરયા પણ ન વોં ને ન જાણું પાં દુનિયા કે

જુકો પાંજો વે ને પાં વટે વે ભા હૂજ મિણીથી કુટરો વે
પાંજો આતમા પાંગ્યાજ વે ને કીં પાં હિનકે ભૂલી વિનોંતા
આતમા પાંજો પાંલા મિડે જ આય ને હિનમેં જ પાંજો પરમ સુખ
પાંજો આતમા પિંઢમેં પૂરો હિનકે કિડાં કોયજી જરૂર

જુકો પાંજો વે ને પાં વટે વે ભા હૂજ મિણીથી કુટરો વે
જુકો સુખ ડે મિણી સુખ્ખેં થી અમોલ હેડો જ તત્વ આય
હમેશ જો સુખ દીંઘલ ને હી તાં આય હમેશ જો સાથી
હીજ ત હલઘો ભેગો ને ભવ ભવ જો આય હી સાથી

જુકો પાંજો વે ને પાં વટે વે ભા હૂજ મિણીથી કુટરો વે

# નિમિત્ત / ઉપાદાન

પગ તૂટી જાય તો લાકડી જોઈએ, એના વગર ચલાય નહીં
લાકડી આમતેમ થઇ જાય તો, હું ચિંતિત થઇ જાઉં, લાકડી ક્યાં ગઈ?
એક લાકડી વધારાની રાખી લઈએ. જેવા જ સારા થઇ જઈએ, દોડતા
થઇ જઈએ તો પછી એના આનંદમાં લાકડી તો ક્યાં યાદ આવે !

વાંચવાને ચશ્મા જોઈએ તો ચશ્મા સાથે જ રાખવા પડે, આમતેમ
ન રહી જાય, એના માટે ગળામાં જ પહેરી લઈએ, એના વગર તો
જાણે આંખો જ નથી, એક ડોકટર લેઝર સર્જરીથી આંખોને એકદમ
સારી કરી દે, તો પછી એના આનંદમાં ચશ્મા ક્યાં યાદ આવે !

નાના બાળને મા વગર ચાલે જ નહીં, મા જ જોઈએ. ઊંઘમાંથી
ઉઠે ને જો માને બદલે બીજો કોઈ ઉપાડે તો એવો રડે, એવો રડે
ને મા મા જ પુકારે, જેમ જેમ મોટો થતો જાય પછી તો પોતાના
સંસારમાં એવો તો વ્યસ્ત થઇ જાય, કે મા ને પણ ભૂલી જવાય !

જુઓ તો એ જ જીનવાણીમા સમજાવે છે કે આત્માર્થી તું મને વાંચ,
સમજ, તને પોતાને સમજ, તારા પ્રભુને સમજ, જિનભક્તિ કર, પણ
સાથે સાથે તું તારા શુદ્ધ સ્વરૂપને યાદ કરી લે એમાં જ લીન થઇ જા
પછી એના આનંદમાં, પ્રકાશમાં, તું મને પણ ભૂલી જઈશ!

# નિરાવલંબી આત્મા

નિરાવલંબી તત્ત્વ છું હું, જીવ કહો, આત્મા કહો, તત્ત્વ છું હું
મને પૈસા, ઘરબાર, સગા સંબંધ, મિત્રોનો આધાર નથી. કોઈનું પણ આલંબન નથી

નિરાવલંબી તત્ત્વ છું હું, જીવ કહો, આત્મા કહો, તત્ત્વ છું હું
મને આ શરીર, પાંચ ઈન્દ્રિયો ને મન બુદ્ધિનું પણ આલંબન નથી

નિરાવલંબી તત્ત્વ છું હું, જીવ કહો, આત્મા કહો, તત્ત્વ છું હું
મને સંજ્ઞી પંચેન્દ્રિય કહેવાય છે પણ એ તો સાથ આપે, જયારે હું એનું આલંબન છોડું

નિરાવલંબી તત્ત્વ છું હું, જીવ કહો, આત્મા કહો, તત્ત્વ છું હું
મને મારી પાંચ ઈન્દ્રિયો તો બહિર્મુખ જ બનાવે છે. પણ હું તો અંતર્મુખ બહિર્મુખતાને છોડું છું

નિરાવલંબી તત્ત્વ છું હું, જીવ કહો, આત્મા કહો, તત્ત્વ છું હું
મને કર્મો અને કર્મફળ ચેતના મારામાં જ અનુભવાતી, એનું પણ આલંબન નથી

નિરાવલંબી તત્ત્વ છું હું, જીવ કહો, આત્મા કહો, તત્ત્વ છું હું
મને વર્તમાન અવસ્થાઓ જણાતી જ નથી, પરિણમતી અવસ્થાઓનું આલંબન નથી

નિરાવલંબી તત્ત્વ છું હું, જીવ કહો, આત્મા કહો, તત્ત્વ છું હું
મને સુદેવ, સુગુરુ, સુશાસ્ત્રનો પણ આધાર નથી. કોઈનું પણ આલંબન નથી

નિરાવલંબી તત્ત્વ છું હું, જીવ કહો, આત્મા કહો, તત્ત્વ છું હું
મને દેવ, ગુરુ, શાસ્ત્ર મારા નિરાવલંબીની દેશના આપે. એમને સમજીને હું એમનું આલંબન છોડું

નિરાવલંબી તત્ત્વ છું હું, જીવ કહો, આત્મા કહો, તત્ત્વ છું હું
મને ઉપકાર દેવ, શાસ્ત્ર, ગુરુનો છે, ને એમની કૃપાથી જ ભક્તિ નિજ આત્મપદની છે

નિરાવલંબી તત્ત્વ છું હું, જીવ કહો, આત્મા કહો, તત્ત્વ છું હું
મને દેવ, ગુરુ, શાસ્ત્ર તો જાણે મારા પ્રાણ છે, પણ હું પ્રાણી તો નિરાવલંબી જ છું

નિરાવલંબી તત્ત્વ છું હું, જીવ કહો, આત્મા કહો, તત્ત્વ છું હું
ધન્ય છે એ દેવને,જેમણે મારામાં જ મારો દેવ બતાવ્યો, એનું ભક્તિભર્યું દર્શન કરાવ્યું

નિરાવલંબી તત્ત્વ છું હું, જીવ કહો, આત્મા કહો, તત્ત્વ છું હું
ધન્ય છે એ શાસ્ત્રને, જેમણે મારામાં જ મારો દેવ બતાવ્યો, એનું મહાત્મ્ય છે ગાયું

નિરાવલંબી તત્ત્વ છું હું, જીવ કહો, આત્મા કહો, તત્ત્વ છું હું
ધન્ય છે એ ગુરુને, જેમણે મારામાં જ મારો દેવ બતાવ્યો, અનુભવ કરાવ્યું

* * *

# પરમ પારિણામિક ભાવ

આત્માનો જ પંચમ ભાવ, ઔદાયિક, ક્ષયોપશમ, ઉપશમ, અને ક્ષાયિક ભાવોથી ભિન્ન

પરમ પારિણામિક ભાવ એ જ તો હું છું, એમાં જ મગ્ન છું
મારા ભાવોમાં કોઈ પણ તરંગો નથી, મોજાં નથી ને
સમુદ્રમાં આવતી ભરતી ને ઓટ પણ નથી

પરમ પારિણામિક ભાવ એ જ તો હું છું, એમાં જ મગ્ન છું
પોતામાં જ પરિપૂર્ણ છું, આનંદિત છું, શાંતિમય છું
ને મારા પોતાનાં જ વીર્યથી સદાય છું

પરમ પારિણામિક ભાવ એ જ તો હું છું, એમાં જ મગ્ન છું
આ ભાવોમાં આખી દુનિયામાં પણ પારિણામિક ભાવ જ દેખાય છે
છએ દ્રવ્ય પોતપોતાનાં પારિણામિક ભાવમાં જ દેખાય છે
બીજી તો પૂરી દુનિયા, પુદ્‌ગલ ને જીવ ના પરિણમન, ક્ષણિક જ દેખાય છે

પરમ પારિણામિક ભાવ એ જ તો હું છું, એમાં જ મગ્ન છું
પરિણમન દુઃખથી ભરેલો, સદૈવ બદલાતો ક્ષણિક જ દેખાય છે
હું તો અજર, અમર, અવિનાશી, અડોલ જ દેખાઉં છું
એ જ મારા પારિણામિક ભાવ છે

પરમ પારિણામિક ભાવ એ જ તો હું છું, એમાં જ મગ્ન છું
આ દુખદાઈ સંસારથી, સદૈવ પરિણમતા સંસારથી,
ક્ષણિક રંગોથી રંગાયેલા સંસારથી, હું તો ભિન્ન છું, અલગ છું
એ જ મારા પારિણામિક ભાવ છે

પરમ પારિણામિક ભાવ એ જ તો હું છું, એમાં જ મગ્ન છું
હું તો પોતાને જ જાણું છું, હું તો પોતાને જ અનુભવું છું
હું તો પોતામાં જ પોતાથી જ છું, હું જ પંચ પરમેષ્ઠીમાંય છું
એ જ મારા પારિણામિક ભાવ છે

***

# વર્તમાન જ્ઞાનની પર્યાય

વર્તમાન પર્યાયમાં જ્ઞાન શાનું છે? ભાન શાનું છે? પ્રતિભાસ શાનો છે?
અનુભવ શાનો છે? આ જ્ઞાન, જાણ, પ્રતિભાસ, અનુભવ શાનાથી થાય છે?
શરીરનું વિજ્ઞાન કહે છે, કે જરા સાકર ખાધી ને શરીરમાં ઇન્સુલીન હારમોન
રિલીઝ થાય છે. બીજા રિસેપ્ટર્સ એ હારમોનને ગ્રહણ પણ કરી લે છે
શું આપણને એનું ભાન કે જાણ પણ થાય છે? નહીં
તો આપણને શાનું જ્ઞાન, જાણ કે ભાન થાય છે? મનનાં વિચારો જણાય છે?
કે જેવા વિચાર આવ્યા એ પ્રમાણે કંઈ ક્રિયા શરુ કરી, બીજા વિચારે મન ચડી
જાય છે ને પહેલો વિચાર તો ભૂલાઈ પણ જાય છે.
શરીરનું પણ એવું જ કંઈ છે, ક્યાં દુખતું હોય પણ જો વિચાર બીજે જ ચડી
જાય તો એ સમય માટે એ દુઃખ પણ ભૂલાઈ જાય છે
મારું શુદ્ધ જ્ઞાન, આ પરનાં વિચારો, મનની ચંચળતા, શરીર-ઈન્દ્રિયોનાં
જ્ઞાનમાં ધુંધળું થઈ જાય છે. જ્યાં ઉપયોગ જાય છે, એજ ત્યારે
જણાય છે, ને બીજું ભૂલી જવાય છે
આ ધુમ્મસને ચોક્ખું કરતાં કરતાં, રાગ-દ્વેષમાંથી બહાર નીકળતાં નીકળતાં
આત્મ તત્ત્વના વિચારોમાં, મનમાં, બુદ્ધિમાં, આત્માની મહત્તા સમજાતાં,
શુદ્ધ આત્માનો અંશે અવશ્ય અનુભવ થશે
આત્મ તત્ત્વની મહત્તા વધારી, ઉદાસીન ને નિર્ભય ભાવોથી શુદ્ધસ્વરૂપ,
અખંડિત દ્રવ્યનો અનુભવ થશે. આનંદનો અનુભવ થશે.

ગુરુઓને થયાં છે ને મને પણ અવશ્ય થશે. આ મનુષ્ય ભવની આ પર્યાયની આભારી છું
ગુરુઓનાં નિઃસ્પૃહ ઉપદેશો ને શાસ્ત્રોની આભારી છું
પ્રભુ તેં તો આ આખું રહસ્ય બહાર કાઢ્યું, દર્શાવ્યું, તારો, તારા ભક્ત ગુરુઓની
ભક્ત છું, દાસ છું, પ્રભુ આ જ ભક્તિમાં, વર્તમાન પર્યાયમાં તું જણાશે
મુલાકાત આપશે, મુજ સમ્પૂર્ણ ને મારાથી તૃપ્ત કરશે, મુજ પ્રકાશમાનને જ
દર્શાવશે. પૂજ્ય આનંદઘનજી લખે છે :

ગગનમન્ડલમેં અધબીચ કુઆ, વહાં હૈ અમિકા વાસા
સુગુરા હોય સો ભર ભર પીવે, નગુરા જાવે પ્યાસા

***

# સમય

સમય તો સમય જ છે, વહ્યા જ કરે
કોણ રોકે  એને, કોણ બદલે એને
મારો પોતાનો પણ સ્વસમય છે એ તો
મારો પરિણામનો સમય છે એને પણ
કોણ બદલે, કોણ રોકે, કોણ સંભાળે

હું તો બધાનો જાણનાર જ્ઞાયક જ છું
સ્વસમયમાં જ વહેતો, પરસમયને પણ
જાણી, જોઇ શકું છું, મને કાંઇ સ્થિર થવાની
જરૂર નથી. મારી અનંત શક્તિઓ તો વહેતી
જ નિત્યપણે, વહેતાને જોઇ જાણી શકે

હું વહેતો સ્વસમય, વહેતા પરસમયથી
ભિન્ન, પૃથક્, અલગ છું, પણ જાણી શકું છું
જાણવું મારું પોતાની ગુણ-શક્તિ છે, એ તો
પરસમય વહેતો છે એટલે નહીં, એ તો
મારી પોતાની સહજ શક્તિ વડે જાણું છું

એવો હું સ્વસમયમાં જાણનાર, સ્વક્ષેત્ર ને
સ્વભાવમાં જ રહેનાર છું. શુદ્ધ ભાવે અનંત
ગુણો શક્તિઓનો સ્વામી જાણનાર છું
આ જગતમાં જગતથી ન્યારો પરિપૂર્ણ છું
શાશ્વત, ચિદાનંદ, જ્ઞાનસ્વરૂપ જ છું

શાશ્વત ત્રિકાળી છું એટલે રુકી નથી ગયો
વહેતો છું એટલે મારું શાશ્વતપણું જ નથી
એમ પણ તો નથી, શાશ્વત રહીને વહેતો છું
મારા જ સ્વસમયમાં પરિણમતો, પરસમયને
પણ જાણતો, સ્વમાં જ શાશ્વત જ્ઞાનાનંદ છું

***

# હું આત્મા છું જડ઼ શરીર નથી

હું આત્મા છું જડ઼ શરીર નથી, વિકારી ભાવોનો મારામાં અંશ નથી
ભાવોનો ભલે આવે તુફાન, અથવા વહે એના વેગથી
હું તો ભાવોથી અલગ, અનેરો, શાંત, હું આત્મા છું જડ઼ શરીર નથી,
વિકારી ભાવોનો મારામાં અંશ નથી

કર્મોનાં ઉદયથી જે સંસારિક સુખ દુઃખ થાય છે,
એ તો હું નથી ને કર્મોથી પરાધીન નથી. હું આત્મા છું જડ઼ શરીર નથી,
વિકારી ભાવોનો મારામાં અંશ નથી

હું તો જ્ઞાનનો પિંડ ને ગુણોથી ભરપૂર એવો શાંત,
રસમય, શાશ્વત, આનંદથી વિભોર છું, હું આત્મા છું જડ઼ શરીર નથી,
વિકારી ભાવોનો મારામાં અંશ નથી

હું તો કોઈનાં નિમિત્તથી નથી ને કોઈનાં આશરે નથી
હું તો કોઈના કારણે નથી, ને કોઈથી નથી, હું આત્મા છું જડ઼ શરીર નથી,
વિકારી ભાવોનો મારામાં અંશ નથી

હું તો સ્વતંત્ર, સ્વગુણોથી શોભિત, પોતાના પર્યાયથી
પણ ભિન્ન, એવો સ્વાધીન ચૈતન્ય છું, હું આત્મા છું જડ઼ શરીર નથી,
વિકારી ભાવોનો મારામાં અંશ નથી

હું તો એકદમ શુદ્ધ, અનંત ગુણોથી ભરપૂર સ્વપરપ્રકાશિત
ઉજ્વલિત, નિરંજન, રત્નોનો રતન છું, હું આત્મા છું જડ઼ શરીર નથી,
વિકારી ભાવોનો મારામાં અંશ નથી

❋ ❋ ❋

# Why Mukt Gulam?

Why this book? Why Mukt Gulam? In Hindi, *gulam* means slave. But the gulam in this book refers to the prisoner confined by the walls of a prison, or one who is a slave to a system of beliefs.

I was born and raised in a Jain family, in quite a free-thinking environment. I had friends from Buddhist, Muslim, and Hindu backgrounds. My mother would go to college every day as I would go to high school. My dad would read aloud to us at dinner. We would discuss with him all aspects of society, from ethics to business to politics. After finishing high school at the age of 15, college at 18, and getting married at 19, I left my small town in India and came to the USA. At the time, I only knew the foundational Jain prayer, Namokar Mantra.

As a child, I felt lucky to have so many chances to learn and grow, but I always felt dependent on my parents. My parents were everything to me. As an adult, I was driven by a desire to prove myself--as a mother, a wife, and a professional. The United States offered extraordinary opportunities, and I strived to take advantage of them. The more goals I pursued, the more these goals consumed my life. Yet, achieving such goals only provided a temporary satisfaction.

Along the way, I did find some time to begin a spiritual life. In 1979, my husband and I helped start a Jain Center in Connecticut, and

started conducting a pathshala, a program of religious education. We loved listening to visiting Jain scholars; many of them stayed in our home. I was moved by Jin Chandra Maharaj's ninety lectures on "Shant Sudharas" granth. The "Twelve Facets of Reality" (12 bhavnas) helped me to cope with the stresses of work and home. I also studied with the Brahma Kumaris, completed an eleven-day course on Vipassana meditation, and attended week-long shibirs by Jain scholars such as Dr. Ujwala Shah, Dr. Bharill, Pandit Abhaya Kumarji and Pandit Dhirubhai.

As I retired from my professional career, I discovered Pujya Gurudev's lectures. It felt like a culmination of all the searching that had come before, and also like a new beginning. I often read his lectures until 2AM. I began questioning the roots of my beliefs and digging toward the true nature of the world within. My prior feelings of obligation and my desire to prove myself diminished.

This is when I began to go from a state of *gulam* to a state of freedom. Gurudev has given me a new vision. I have discovered something so profound, so beautiful, and so steadfast within me. Something that will last forever.

The thoughts offered here arrived in the form of pictures as I conversed, read, listened, or just contemplated. Each poem came to me in one of three languages—English, Hindi, or Gujarati. I am sharing this book in the hope that readers will find these reflections useful, or reassuring, or provocative as they undertake their own spiritual journeys.

❃ ❃ ❃